उत्तर प्रदेश शासन द्वारा विज्ञापन मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय हिन्दी साप्ताहिक समाचार पत्र

सच का साथी..

# बी पी एस न्यूज

www.bpsnews.in

(वर्ष-9 अंक-49

पृष्ठ 8 मूल्य 2/रुपया

सोमवार 06 जनवरी , 2025



नववर्ष व मकर संक्रांति की हार्दिक शुभकामाएं (बी.पी. साहू -संपादक)

सामूहिक वैवाहिक परिचय सम्मेलन में आयोजित 7

हॉस्पिटल के बेसमेंट में चलता मिला अवैध मेडिकल स्टोर, किया गया सीज 8

## भाजपा की परिवर्तन रैली में पीएम मोदी का आप पर बड़ा हमला

# आप-दा नहीं सहेंगे, बदल के रहेंगे...



नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी पर कटाक्ष करते हुए पीएम ने कहा, बीते 10 साल में दिल्ली ने जिस तरह की राज्य सरकार देखी है, वो किसी आप-दा से कम नहीं है। यह एहसास आज दिल्ली वालों को अच्छे से हो चुका है। इसलिए अब दिल्ली में एक ही आवाज गूंज रही है- आप-दा नहीं सहेंगे, बदल के रहेंगे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को दिल्ली के रोहिणी में भाजपा परिवर्तन रैली को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल पर अपना आप-दा आरोप दोहराया। इसी के साथ पीएम मोदी ने दिल्ली सरकार पर पिछले 10 सालों में राष्ट्रीय राजधानी के विकास को पटरी से उतारने का भी आरोप लगाया।

पीएम ने दिल्ली की जनता से आगामी विधानसभा चुनावों में भाजपा को मौका देने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, मैं दिल्लीवासियों से एक विशेष अनुरोध करना चाहता हूं। दिल्ली और आपके बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए मैं आपसे अनुरोध करने आया हूं कि आप भाजपा को एक अवसर प्रदान करें। सिर्फ बीजेपी दिल्ली का विकास कर सकती है।

आम आदमी पार्टी पर कटाक्ष करते हुए पीएम ने कहा, बीते 10 साल में दिल्ली ने जिस तरह की राज्य सरकार देखी है, वो किसी आप-दा से कम नहीं है। यह एहसास आज दिल्ली वालों को अच्छे से हो चुका है। इसलिए अब दिल्ली में एक ही आवाज़ गूंज रही है- आप-दा नहीं सहेंगे, बदल के रहेंगे।पीएम मोदी ने कहा, मुझे विश्वास है कि दिल्ली विधानसभा में भी कमल खिलने वाला है। ये भाजपा ही है, जो दिल्ली को, दुनिया की बेहतरीन राजधानी का गौरव दिला सकती है। उन्होंने आगे कहा कि जिस आप-दा सरकार के पास दिल्ली के लिए कोई विजन न हो, जिसे दिल्ली की परवाह न हो, वह दिल्ली का विकास नहीं कर सकती है। दिल्ली को आधुनिक बनाने के लिए जितने भी काम हैं वो केंद्र की भाजपा सरकार ही कर रही है।

अपनी पार्टी की उपलब्धियां गिनवाते हुए पीएम ने कहा, जैसे दिल्ली मेट्रो चप्पे-चप्पे तक पहुंची, तो ये काम भाजपा की केंद्र सरकार ने किया है। बीते एक दशक में दिल्ली-एनसीआर में मेटो नेटवर्क दोगुने से भी अधिक हो चुके हैं। आज जनकपुरी और कृष्णा पार्क के लिए भी मेट्रो शुरू हो चुकी है। ये जो नमो रेल प्रोजेक्ट है ये भी केंद्र सरकार बना रही है।

शीशमहल विवाद को उठाते हुए, पीएम मोदी ने कहा, दिल्ली पर आप-दा लाने वाले ये झूठा आरोप लगाते हैं कि केंद्र सरकार उन्हें काम नहीं करने देती...केंद्र सरकार उन्हें पैसे नहीं देती। ये कितने बड़े झूठे हैं। इसका उदाहरण इनका शीशमहल है। आज ही एक बड़े अखबार ने रिपोर्ट के आधार पर शीश महल पर हुए खर्च का खुलासा किया है।


पीएम ने आगे कहा, जब दिल्ली के लोग कोरोनो से जूझ रहे थे, जब दिल्ली के लोग ऑक्सीजन और दवाओं के लिए भटक रहे थे. तब इन लोगों का पूरा फोकस अपना शीश महल बनवाने पर था। इन्होंने शीश महल का भारी भरकम बजट बनाया। यही इनकी सच्चाई है। इन्हें दिल्ली के लोगों का कोई परवाह नहीं है। इसलिए आज हर दिल्लीवासी कह रहे हैं, आप-दा नहीं सहेंगे, बदल कर रहेंगे।

अंत में पीएम ने कहा कि आप-दा वालों के काम का कोई हिसाब नहीं है, लेकिन इनके कारनामे बेहिसाब हैं। ये तब होता है जब नीयत में खोट होता है और जनता के प्रति निष्ठा नहीं होती है। ये आप-दा वाले दिल्ली चुनाव में अपनी हार सामने देखकर बौखला गए हैं, झूठ फैला रहे हैं।

## पोरबंदर में हेलीकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त, चालक दल के तीन सदस्यों की मौत

गुजरात के पोरबंदर हवाई अड्डे पर रविवार दोपहर भारतीय तटरक्षक बल का एक हेलीकॉप्टर उतरने के दौरान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस हादसे में, दो पायलटों सहित चालक दल के तीन सदस्यों की मौत हो गई। पुलिस अधीक्षक भागीरथ सिंह जडेजा ने हादसे की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घटना दोपहर 12 बजकर 10 मिनट पर हुई। उन्होंने कहा कि आईसीजी का 'एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर' (एएलएच) पोरबंदर हवाई अड्डे पर उतरते समय दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें चालक दल के तीन सदस्य सवार थे। जडेजा ने बताया कि चालक दल के तीनों सदस्यों को हेलीकॉप्टर से गंभीर हालत में बाहर निकाला गया और पोरबंदर के एक अस्पताल ले जाया गया।कमला बाग थाने के निरीक्षक राजेश राजेश कनमिया ने पुष्टि की कि चालक दल के तीनों सदस्यों की अस्पताल में मौत हो गई। भारतीय तटरक्षक अधिकारियों ने कहा कि दुर्घटना के कारणों की जांच जारी है।




## प्रियंका गांधी पर दिए गए विवादित बयान पर रमेश बिधूड़ी ने दी सफाई, माफी भी मांगी

नई दिल्ली । कालकाजी से भाजपा उम्मीदवार रमेश बिधूड़ी ने प्रियंका गांधी वाड्रा पर विवादित बयान देकर दिल्ली की राजनीति गरमा दी है। कांग्रेस और आम आदमी पार्टी ने बिधूड़ी के बयान की आलोचना की है। कांग्रेस ने बिधूड़ी से माफी की मांग की है। इन सब के बीच बिधूड़ी ने अपने बयान पर सफाई दी और साथ ही उन्होंने माफी भी मांगी।

रमेश बिधूड़ी ने एक्स पर एक पोस्ट में माफी मांगते हुए लिखा, किसी संदर्भ में मेरे द्वारा दिये गये बयान पर कुछ लोग ग़लत धारणा से राजनैतिक लाभ के लिए सोशल मीडिया पर बयान दे रहे है। मेरा आशय किसी को अपमानित करने का नहीं था। परंतु फिर भी अगर किसी भी व्यक्ति को दुख हुआ है तो मैं खेद प्रकट करता हूं। मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा, अगर मेरी टिप्पणी से किसी को ठेस पहुंची है तो मैं इस पर खेद व्यक्त करता हूं और अपने शब्द वापस लेता हूं।रमेश बिधूड़ी ने अपने बयान पर सफाई देते हुए कहा, लालू यादव, जो उनकी (कांग्रेस) सरकार में मंत्री थे ।

## मंदिर की दीवार पर 786 और अल्लाह लिखे जाने से माहौल गरमाया

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के जिला बरेली में नववर्ष के पहले ही दिन कुछ अराजक तत्वों ने शहर का माहौल खराब करने की कोशिश में शहर के घनी आबादी वाले इलाके में स्थित दुर्गा मंदिर की दीवार पर 786 और अल्लाह लिख दिया। जिससे क्षेत्रीय जनता और हिंदू संगठनों के लोगों में आक्रोश पैदा गया। आनन-फानन में पुलिस मंदिर पर पहुंच गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने मंदिर की दीवार पर लिखे शब्दों को मिटवा दिया। मगर पुलिस द्वारा मामला दर्ज कर जांच-पड़ताल की जा रही है कि आखिर किसने तनाव उत्पन्न करने का प्रयास किया। मंदिर के पुजारी ने कहा कि कुछ शरारती तत्वों द्वारा दुर्गा मंदिर की दीवार पर 786 और उर्दू में अल्लाह लिख दिया गया था, जब लोगों ने इसे देखा तो उनकी भावना को ठेस पहुंची। हिंदू संगठन से जुड़े लोग तत्काल घटनास्थल पर पहुंच गए, उन्होंने पुलिस के सामने विरोध दर्ज कराया. फिलहाल, दीवार पर लिखे शब्दों को मिटवा दिया गया है।बता दें कि पूरी घटना बरेली के थाना कोतवाली क्षेत्र स्थित बिहारीपुर इलाके की है, जहां आला हजरत दरगाह से पहले एक प्राचीन मंदिर है। इसी मंदिर की दीवार पर कुछ शरारती लोगों ने इस्लामिक शब्द लिख दिये थे। घटना बीती रात की बताई जा रही है। जैसे ही इलाके के लोगों ने देखा कि मंदिर पर कुछ लोगों ने ऐसा कुछ लिखा है तो यह खबर जंगल में आग की तरफ फैल गई।फौरन हिंदू संगठन से जुड़े लोग मौके पर पहुंच गए। पुलिस को भी बुला लिया गया। मौके की नजाकत को देखते हुए क्षेत्राधिकारी पंकज श्रीवास्तव भी घटनास्थल पर पहुंचे और तुरंत ही मंदिर पर लिखे हुए शब्दों/ अंकों को पेंट से मिटवा दिया। मंदिर के बाहर कोई सीसीटीवी कैमरा ना लगा होने की वजह से आरोपियों का पता नहीं चल सका है. फिर भी पुलिस आसपास बिल्डिंग में लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाल रही है।

## पीएम मोदी से बदला लेने के लिए तैयार बैठी है दिल्ली की जनता: अरविन्द केजरीवाल

नई दिल्ली । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को रोहिणी में एक रैली के दौरान आम आदमी पार्टी पर कई आरोप लगाए थे। पीएम के आरोपों पर पूर्व सीएम और आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि



पीएम मोदी रोज दिल्ली के लोगों को गालियां दे रहे हैं और जनता का अपमान कर रहे हैं। केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली की जनता इस अपमान का जवाब भाजपा को आगामी विधानसभा चुनाव में देगी।केजरीवाल ने कहा कि ऋ्रह्मह्य और मेट्रो की एक लाइन का उद्घाटन तथा एक मेट्रो लाइन का शिलान्यास इस बात का प्रमाण है कि आप दिल्लीवालों के लिए काम करती है। उन्होंने कहा कि अगर हम अपने ऊपर हुए अत्याचार को मुद्दा बनाते तो आज दिल्ली के काम नहीं हो पाते केजरीवाल ने दावा किया कि उन्होंने दिल्ली के विकास और हित को सबसे ऊपर रखा। उन्होंने कहा कि जनता के काम कराने के लिए हमने इनके आगे हाथ भी फैलाये और कभी-कभी संघर्ष भी किया। आज बीजेपी के डबल इंजन सरकारों के कामों और आप के कामों को उठाकर देख लो हमारे काम बेहतर हैं।प्रधानमंत्री मोदी पर निशाना साधते हुए केजरीवाल ने कहा, पीएम मोदी आज भी केवल दिल्ली की जनता और उनकी चुनी हुई सरकार को गालियां देकर गए हैं। प्रधानमंत्री जी 2020 में आपने दिल्ली देहात के किसानों को जमीनों का मालिकाना हक़ दिलाने और प्लॉट देने का वादा किया था, उस वादे का क्या हुआ।केजरीवाल ने पीएम को उनके पुराने वादों की याद दिलाते हुए कहा, 'मोदी जी, ग्रामीण दिल्ली के लोग अभी भी आपके पुराने वादों के पूरे होने का इंतजार कर रहे हैं। प्रधानमंत्री ने 2020 में दिल्ली भूमि सुधार की धारा 81 और धारा 33 को खत्म करने का वादा किया था। मोदी जी, अब जब आप अगली बार भाषण देने दिल्ली आएं ।






## संपादकीय

### जहरीला भूजल

हरित क्रांति के अगुआ बनकर देश के खाद्यान्न संकट दूर करने वाले राज्य पंजाब व हरियाणा का भूजल चिंताजनक स्तर तक दूषित पाया गया है। धान व अन्य फसलों की बंपर पैदावार के लिये भूजल का अंधाधुंध दोहन करने वाले इन राज्यों का भूजल का स्तर उस गहराई तक जा पहुंचा है, जहां उसमें यूरेनियम जैसे घातक पदार्थों की मात्रा गंभीर स्थिति तक जा पहुंची है। पूरे देश में भूजल की गुणवत्ता की जांच के लिये लिये गए बीस फीसदी सैंपल निर्धारित कसौटी पर खरे नहीं उतरे हैं। इन सैंपलों में नाइट्रेट का स्तर सीमा से अधिक मिला है। पानी की गुणवत्ता को लेकर केंद्रीय भूजल बोर्ड की सालाना रिपोर्ट गंभीर चिंताओं का खुलासा करती है। जहां अरुणाचल, मिजोरम, मेघालय, जम्मू- कश्मीर आदि के सौ फीसदी सैंपल भारतीय मानक ब्यूरो के मानकों पर खरे उतरे हैं, वहीं पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, उ.प्र. तथा आंध्र प्रदेश में पानी बड़े पैमाने पर प्रदूषित मिला है। देश में कुल 15,259 भूजल निगरानी स्थानों का चयन पानी की क्वालिटी नापने के लिये किया गया। मगर पंजाब के पानी के नमूने में मिले घातक तत्व चिंता बढ़ाने वाले हैं। पंजाब के भूजल में तीस फीसदी सैंपलों में अधिक यूरेनियम पाया गया। फिक्र की बात यह है कि पंजाब व राजस्थान यूरेनियम प्रदूषण के मद्देनजर हॉट स्पॉट हैं। दरअसल, यूरेनियम के अधिक प्रदूषण का मुख्य कारण भूजल का अत्यधिक दोहन है। जो भूजल स्रोत अधिक यूरेनियम वाले क्लस्टर हैं, वे अति दोहित, गंभीर व अर्धगंभीर श्रेणी वाले इलाके हैं। वास्तव में भूजल के अंधाधुंध दोहन से पानी का स्तर उस स्थान तक जा पहुंचा है, जहां पानी में यूरेनियम अधिक है। जो कि कैंसर जैसी अनेक गंभीर बीमारियों का कारण बनता जा रहा है। हाल के वर्षों में पंजाब के कई इलाकों में कैंसर के अधिक मामले सामने आए हैं। यहां तक कि पंजाब से राजस्थान रोगियों को इलाज के लिए ले जाने वाली ट्रेन को कैंसर ट्रेन तक कहा जाता रहा है।निश्चित रूप से केंद्रीय भूजल बोर्ड की यह रिपोर्ट चिंता बढ़ाने वाली है। हमने मुनाफा बढ़ाने के लिये जिस भूजल का अंधाधुंध दोहन किया है वह अब अपना नकारात्मक प्रभाव दिखाने लगा है। निश्चित रूप ने कुदरत ने हमें आवश्यकता का जल तो दिया है लेकिन उसके अनियंत्रित दोहन की अनुमति नहीं दी है। पंजाब बड़े पैमाने पर धान की खेती करता रहा है। हालांकि, पंजाब के भोजन में चावल प्राथमिक नहीं रहा है। लेकिन व्यावसायिक हितों की पूर्ति के लिये धान की खेती को प्रश्रय दिया गया। इस खेती की वजह धान की फसल पर न्यूनतम समर्थन मूल्य का मिलना भी है। अब किसानों को फसलों के विविधीकरण के लिये प्रेरित किया जाना चाहिए। ग्लोबल वार्मिंग संकट के मद्देनजर यह चुनौती और गंभीर हो जाती है क्योंकि वर्षा जल के पैटर्न में बड़ा बदलाव आया है। जिसके चलते सूखे व बाढ़ जैसी स्थितियां कभी भी पैदा हो जाती हैं। ग्लोबल वार्मिंग के संकट के मद्देनजर उन फसलों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए, जो कम पानी में उग सकें और अधिक मुनाफा दे सकें।

# जरूरत है मृत्युदंड पर करने पुनर्विचार की

हमारे देश में प्रति वर्ष बलात्कार और हत्या के हज़ारों मामले दर्ज किए जाते हैं। हमारे यहां आतंकवादी हमलों के भी अनेक मामले हैं। मेरा मानना है कि जघन्य अपराधों से जुड़े इन तमाम मामलों में यदि जांच प्रक्रिया तेजी से पूरी कर ली जाए और एक साल के अंदर मुकदमे की सुनवाई पूरी हो जाए, तो काफी हद तक न्याय मिल जाएगा। इसके वास्ते, जहां हमारी पुलिस को अपराधों की जांच करने के लिए उच्च प्रशिक्षित होने की जरूरत है वहीं हमारे अभियोजन पक्ष और अभियोजकों को भी ठोस और वैज्ञानिक सुबूतों से पूरी तरह लैस होना होगा।हाल ही में एक अखबार में छपी एक खबर के अनुसार एक मामले में 49 में से 48 गवाह मुकर गए। यह हमारी आपराधिक न्याय प्रणाली के बारे में क्या बताता है? सिर्फ इतना कि इसमें बड़े पैमाने पर बदलाव की जरूरत है। लेकिन, हो यह रहा है कि हमारे यहां व्यवस्था को सुधारने के बजाय सबसे कठोरतम सज़ा यानी मृत्युदंड और ज्यादा देने की मांग की जा रही है।




हमारे यहां व्यवस्था को सुधारने के बजाय मृत्युदंड और ज्यादा देने की मांग की जा रही है। देशभर की अदालतों को आपराधिक मामलों में सुनवाई और अपीलों के निपटारे में तेजी लाने की जरूरत है ताकि फैसले पर जल्दी पहुंचा जा सके। तभी जघन्य अपराध करने वालों को यह संदेश मिलेगा कि उन्हें सजा जल्द मिल जाएगी।यमन में मृत्युदंड की सज़ा सुनाई भारतीय महिला को बचाने के यत्नों के दौरान हमें यह सोचना चाहिए कि क्या हम को कठोरतम दंड यानी फांसी की सजा देना जारी रखना चाहिए। निमिशा प्रिया नामक नर्स को हत्या का दोषी पाया गया है। उस पर इल्जाम है कि उसने कथित तौर पर पीड़ित (जो कि उसे जानता था) को जेल में मुलाकात के दौरान नशे का इंजेक्शन लगाया था। उसके मृत्यु दंड को रोकने के प्रयास अब तक विफल रहे हैं। एक अंतिम मौका यही बचा था कि मृतक के परिवार को 'खून की कीमत' की पेशकश करना और माफी मांगना। 'खून-माफी' की यह राशि 40,000 डॉलर (लगभग 34 लाख रुपये) आंकी गई है। यह रकम पूरी तो नहीं लेकिन इसका बड़ा हिस्सा नर्स के परिवार द्वारा एक वकील के पास जमा करवा दिया गया है। ऐसा लगता है कि वित्तीय मुआवजे की पेशकश को मान लिया गया है। अब केवल क्षमा-दान का बेसब्री से इंतजार है। हमारी सरकार परिवार की सहायता के लिए हर संभव प्रयास कर रही है।पर हम तो हमेशा से यही कहते आए हैं कि 'कानून को अपना काम करने दें', और इस महिला के मामले में भी यही लागू है। तो फिर हमारी सरकार उसकी मौत की सजा टालने के लिए मदद क्यों कर रही है? क्या इसलिए कि सरकार का मानना है कि वह दोषी नहीं है या उसे निष्पक्ष सुनवाई नहीं मिली? क्या इसलिए कि वह एक भारतीय है और सरकार एक भारतीय नागरिक की जान बचाने के लिए हरसंभव प्रयास करेगी? क्या इसलिए कि सरकार को लगता है कि सज़ा बहुत कठोर है? कारण चाहे जो भी हो, मदद प्रदान करने के लिए सरकार की सराहना की जानी चाहिए।लेकिन इस मामले से सरकार को हमारी कानून की किताबों में मृत्युदंड की आवश्यकता पर विचार करना बनता है। आखिरकार, जब हम किसी व्यक्ति को फांसी देते हैं, तब भी तो हम एक भारतीय नागरिक की जान ले रहे होते हैं। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि उस भारतीय को हमारे अपने देश में फांसी दी जाए या विदेशी धरती पर। यह भी सच है कि हमारी अदालतें मृत्युदंड देने में सतर्क और बेहद सावधान रहती हैं - वे ऐसा दुर्लभतम मामलों में ही करती हैं। लेकिन क्या अभियोजन पक्ष के लिए मृत्युदंड की मांग करने से बचना उचित नहीं होगा? किसी व्यक्ति को फांसी देने से क्या उद्देश्य पूरा हो जाता है?मृत्युदंड पर चर्चा करने पर सामान्य उत्तर यही आता है कि जघन्यतम अपराधों के विरुद्ध ऐसा एक निवारक डर होना जरूरी है। दुर्भाग्य से, इस तर्क का समर्थन करने के पक्ष में कोई सुबूत नहीं है। अमेरिका में मृत्युदंड की सज़ा सुनाए गए लोगों की संख्या बहुत ज़्यादा है, उनमें से बहुत बड़ी संख्या का मृत्युदंड क्रियान्वित किया भी जाता है। लेकिन क्या इससे वहां के स्कूलों में हत्या करने या सामूहिक गोलीबारी करने या हाल ही में न्यू ऑरलियन्स में हुए नरसंहार जैसे अपराध होना रुक गए?


दूसरी ओर, ऐसा लगता है कि जिन मुल्कों में मृत्युदंड का प्रावधान हटाया गया है, वहां जघन्य अपराधों के मामलों में वृद्धि नहीं हुई है। फ्रांस ने 1981 में यह विकल्प चुना था, चार दशक से अधिक समय बीतने के बाद, इस बात का कोई प्रमाण नहीं है कि वहां जघन्य जुर्म की संख्या बढ़ी है। जिम्बाब्वे, जिसने पिछले साल दिसंबर में मृत्युदंड पर रोक लगाने के लिए संयुक्त राष्ट्र में पेश हुए प्रस्ताव पर मतदान में अनुपस्थिति दर्ज करवाई थी, ने भी मृत्युदंड को समाप्त कर दिया है। अब देखना यह है कि इस निर्णय का प्रभाव क्या रहेगा।

हमारे देश में प्रति वर्ष बलात्कार और हत्या के हज़ारों मामले दर्ज किए जाते हैं। हमारे यहां आतंकवादी हमलों के भी अनेक मामले हैं। मेरा मानना है कि जघन्य अपराधों से जुड़े इन तमाम मामलों में यदि जांच प्रक्रिया तेजी से पूरी कर ली जाए और एक साल के अंदर मुकदमे की सुनवाई पूरी हो जाए, तो काफी हद तक न्याय मिल जाएगा। इसके वास्ते, जहां हमारी पुलिस को अपराधों की जांच करने के लिए उच्च प्रशिक्षित होने की जरूरत है वहीं हमारे अभियोजन पक्ष और अभियोजकों को भी ठोस और वैज्ञानिक सुबूतों से पूरी तरह लैस होना होगा।हाल ही में एक अखबार में छपी एक खबर के अनुसार एक मामले में 49 में से 48 गवाह मुकर गए। यह हमारी आपराधिक न्याय प्रणाली के बारे में क्या बताता है? सिर्फ इतना कि इसमें बड़े पैमाने पर बदलाव की जरूरत है। लेकिन, हो यह रहा है कि हमारे यहां व्यवस्था को सुधारने के बजाय सबसे कठोरतम सज़ा यानी मृत्युदंड और ज्यादा देने की मांग की जा रही है। इससे व्यवस्था को सुधारने में मदद नहीं मिलेगी। देश भर की अदालतों को आपराधिक मामलों में सुनवाई और अपीलों के निपटारे में तेजी लाने की जरूरत है ताकि फैसले पर जल्दी पहुंचा जा सके। तभी जघन्य या अन्य अपराध करने वालों को यह संदेश मिलेगा कि उन्हें सज़ा जल्द मिल जाएगी और जेल काटनी पड़ेगी।

कुछ अदालतों ने यह विचार करना शुरू कर दिया है कि जरूरी नहीं किसी व्यक्ति को फांसी पर लटकाना सबसे अच्छा समाधान है। हाल के दिनों में ऐसे मामले सामने आए हैं जिनमें अदालतों ने मौत की सजा सुनाने की बजाय दोषी को 20-25 साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। कुछ मामलों में, बिना किसी राहत के इतनी लंबी जेलबंदी की सजा दी गई है। कुछ केस ऐसे भी रहे, जिनमें दोषी को आजीवन कैद की सजा सुनाई गई है। क्या यह तरीका मौत की सजा जितना कठोर या उससे बढ़िया नहीं? कई देश ऐसा सोचने लगे हैं। मत भूलें कि अबू सलेम को पुर्तगाल से इस शर्त पर प्रत्यर्पित किया गया था कि भारत में उसे मृत्युदंड नहीं दिया जाएगा।इसमें कोई संदेह नहीं है कि मृत्युदंड का उन्मूलन एक बहुत ही विवादास्पद और पेचीदा विषय है, खासकर बलात्कार, हत्या, बच्चों के यौन शोषण और आतंकी हमलों जैसे जघन्यतम मामलों में। फिर भी, हमें इस विषय पर विस्तार से चर्चा करने और किसी तरह की नीति या आम सहमति बनाने की आवश्यकता है, अन्यथा, मृत्युदंड एक जुए का खेल बनकर रह जाएगा।

# हमारी ब्रांडेड पहनी चीजों पर गर्व नहीं शर्म होनी चाहिए

गोंदिया - वैश्विक स्तरपर भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिकता में आस्था जग प्रसिद्ध है। अपने माता-पिता और बड़े बुजुर्गों का जितना सम्मान भारतीय संस्कृति में सदियों से प्रवाहित हो रहा है, शायद दुनियाँ में कहीं नहीं देखने को मिलेगा। परंतु दुर्भाग्य से कहना पड़ रहा है कि माता-पिता बड़े बुजुर्गों के सम्मान की इतनी धारदार कट्टरता अभी कुछ वर्षों से तीव्रता से कम होती जा रही है। याने पाश्चात्य संस्कृति की छाया भारतीय समाज में तीव्रता से बढ़ती जा रही है। आज माता- पिता अपने बच्चों को अपना पेट काटकर ऊंचे से ऊंची शिक्षा दिलाकर डॉक्टर इंजीनियर सीए सहित अनेक प्रोफेशनल डिग्रियां दिलाकर उच्च मुकाम पर पहुंचा रहे हैं। परंतु कुछ अपवादों को छोड़कर इन्हें नवयुवकों द्वारा अपने भविष्य,अपनी जिंदगी, अपनी लाइफ स्टाइल के नाम पर बड़े शहरों, विदेशों में जॉब के नाम पर जाकर वही सेट हो जाते हैं। अनेक युवा वही शादी कर लेते हैं तो कुछ अपने नाटिव स्थान पर शादी करके फैमिली सहित वापस बड़े शहर या विदेश में चले जाते हैं और बेचारे मां- बाप वही अपनी तंगी हालत में जीते हैं। ऐसे अनेक हकीकत किस्से हर शहर, गांव में आम होते जा रहे हैं हमारी कॉलोनी में भी कई किस्से मेरी नजरों के सामने हैं जो बेचारे फटी पेंट या धोती पहन कर गुजारा कर रहे हैं और उनके बच्चे ब्रांडेड चीजों को वापरकर अपनी पाश्चात्य लाइफ स्टाइल जी रहे हैं जिसका कोई फायदा नहीं है। मेरा मानना है कि ऐसे युवक इस नाइंसाफी का बीज बो रहे हैं जो आगे चलकर अपने बच्चों से वटवृक्ष के रूप में परेशानियों से भरा पाएंगे।इसलिए आज हम इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे आओ अपने माता-पिता बड़े बुजुर्गों वृद्धजनों का सम्मान और उनकी देखभाल करें। साथियों बात अगर हम आध्यात्मिक आस्था की करें तो, हम लोग पूजा-पाठ बहुत करते हैं, लेकिन हमें सकारात्मक फल नहीं मिल पाते हैं। मेरा मानना है कि सिर्फ पूजा से जीवन में सुख-शांति नहीं मिल सकती है। अपना आचरण भी अच्छा बनाए रखना जरूरी है। हम लोग माता- पिता का सम्मान नहीं करते हैं और सिर्फ पूजा-पाठ करते हैं, तो हमें सुख शांति नहीं मिल पाती है। देवी-देवता भी उन्हीं लोग पर कृपा करते हैं जो अपने माता- पिता का पूरा सम्मान करते हैं और उनके सुख-दुख का ध्यान रखते हैं।



साथियों बात अगर हम हमारे शास्त्रों में बुजुर्गों के सम्मान की करें तो,यजुर्वेद का उल्लेख, हमारे शास्त्रों में भी बुजुर्गों का सम्मान करने की राह दिखलायी गई है यजुर्वेद का निम्न मंत्र संतान को अपने माता-पिता की सेवा और उनका सम्मान करने की शिक्षा देता है-

यदापि पोष मातरं पुत्र‍ प्रभुदितो धयान्।
इतदगे अनृणो भवाम्यहतौ पितरौ ममां॥

अर्थात् जिन माता-पिता ने अपने अथक प्रयत्नों से पाल पोसकर मुझे बड़ा किया है, अब मेरे बड़े होने पर जब वे अशक्त हो गये हैं तो वे जनक-जननी किसी प्रकार से भी पीड़ित न हों, इस हेतु मैं उसी की सेवा सत्कार से उन्हें संतुष्ट कर अपा आनृश्य (ऋण के भार से मुक्ति) कर रहा हूँ। आज अंतरराष्ट्रीय स्तरपर हम मनीषियों को को यह समझने की जरूरत है कि वरिष्ठ नागरिक, वृद्धजन, बड़े बुजुर्ग हमारे समाज की अनमोल विरासत होते हैं, उन्होंने अपने समाज और देश को बहुत कुछ दिया है। वह हमारी धरोहर हैं, अनुभवों का एक खजाना है जो किसी भी देश की उन्नति के लिए मूल्यवान मंत्र है जिसका सही दिशा में उपयोग किया जाए तो उस देश को सामाजिक- आर्थिक नैतिक संपन्नता से नवाज़ने से कोई नहीं रोक सकता क्योंकि उनके अनुभवों के साथ उनका आशीर्वाद भी काम करता है जिसमें स्वयं ईश्वर अल्लाह भी हस्तक्षेप नहीं कर सकते इतनी ताकत होती है आशीर्वाद या दुआ में, इसलिए हमें चाहिए कि बड़े बुजुर्गों के अनुभवों और सीख से हम जीवन में आई विपत्तियों से पार पाने में सक्षम हों।आओ वृद्धावस्था को सुखी बनाएं-उनका आशीर्वाद लें।साथियों बात अगर हम माता पिता बड़े बुजुर्ग वृद्धजनों के सम्मान की करें तो, बचपन से ही हमें घर में शिक्षा दी जाती है कि हमें अपने से बड़ो का सम्मान करना चाहिए। वरिष्ठजन हमारे घर की नींव होते हैं। बुजुर्गों का आशीर्वाद बहुत भाग्य वालों को मिलता है इसलिए सभी को अपने से बड़ों और वरिष्ठजनों का सम्मान करना चाहिए। लेकिन आज के समय में ये कहना अनुचित नहीं होगाकि अबये मात्र औपचारिकता रह गई है। लेकिन हर व्यक्ति को वरिष्ठजनों के प्रति सम्मान और आदर की भावना रखनी चाहिए। हमारे देश में बड़े लोगों को ईश्वर अल्लाह के तुल्य और उनके आशीर्वाद को किसी भी काम में सबसे बड़ा सहायक माना जाता है, इसलिए हमारे देश में सभी अपने से बड़ों का सम्मान और आदर करते हैं। फिलहाल अब हालात काफी बदल गए हैं। कई मामलों में वृद्धजनों को अपनी संतानों द्वारा मुश्किलें और दिक्कतें झेलते देखा गया हैसाथियों बात अगर हम माता पिता वृद्धजनों की अवहेलना की करें तो, एक पेड़ जितना ज्यादा बड़ा होता है, वह उतना ही अधिक झुका हुआ होता है, यानें वह उतना ही विनम्र और दूसरों को फल देने वाला होता है। यही बात समाज के उस वर्ग के साथ भी लागू होती है,जिसे आज की तथाकथित युवा तथा उच्च शिक्षा प्राप्त पीढ़ी बूढ़ा कहकर वृद्धाश्रम में छोड़ देती है। वह लोग भूल जाते हैं कि अनुभव का कोई दूसरा विकल्प दुनियाँ में है ही नहीं। अनुभव के सहारे ही दुनिया भर में बुजुर्ग लोगों ने अपनी अलग दुनिया बना रखी है। जिस घर को बनाने में एक इंसान अपनी पूरी जिंदगी लगा देता है, वृद्ध होने के बाद उसे उसी घर में एक तुच्छ वस्तु समझ लिया जाता है। बड़े बूढ़ों के साथ यह व्यवहार देखकर लगता है जैसे हमारे संस्कार ही मर गए हैं।

**किशन सनमुख़दास भावनानी**

# सय्यद फारूक शाह का उर्स बड़े धूमधाम से मनाया गया

कानपुर। वाली बुजुर्गआने दीन सबको फैज नहीं देते जिनको फेज मिल जाता है वह अस्ताना नहीं छोड़ते ऐसे ही बुजुर्ग के दीन सय्यद फारूक शाह का उर्स बड़े धूमधाम से बेकनगंज स्थित अध्धा पहलवान पहलवान के अखाड़े के पास बड़े अदब के साथ मनाया गया उर्स दो तीन रजब को यानी 4 ,5 जनवरी को मनाया गया 4 जनवरी को ऑल इंडिया नातिया मुशायरा हुआ और करी फैसल अलीमी का खिताब हुआ मुशायरा में जिन शायरों ने शिरकत की उनमें हजरत अल्लामा करी कासिम हबीबी बरकाती हाफिज जाहिर कलीम दानिश बरकाती नूर कारी इकबाल बेग हनीफ कादरी ने कलाम पेश किया निजामत की फरायज वारिस चिश्ती और कामिल अजहरी ने अंजाम दिया हाशिम रजा कानपुरी और अजहर नूरी ने भी अपनी नाते पाक से नवाजा इस मौके पर वारिस चिश्ती और जहीर कानपुरी की दस्तारबंदी भी की गई कुल से पहले काजी ए शहर मुफ्ती साकिब अदीब मिस्बाही की दस्तार की गई और उनकी खिदमत में एक साल पेश की गई कुल से पहले काजी शहर की दुआ और सलातो सलाम पर महफिल मुकम्मल हुई कार्यक्रम का आयोजन मिर्जा काशीफ बैग और सजादा शाहिद अली ने द्वारा किया गया। आगे बताया कि हर साल तेरा इस साल भी हजरत का उर्स मुबारक बड़े ही शांन शौकत से मनाया गया है यह ऐसी वली की दरगाह है जहां पर लोग अपनी मुरादे लेकर आते हैं और फेज पाते हैं हम लोग बुजुर्गों की खिदमत में लगे हुए हैं जब तक अल्लाह मौका देगा तब तक किस्मत करते रहेंगे। कुल शरीफ के बाद दरगाह के आसपास रहने वाले लोगों ने लंगर ए आम किया।

# ना धन से जाइए, ना धर्म से जाइए

पिछला वर्ष खत्म होते- होते देश की राजनीति में भूचाल की उम्मीद पाले बैठे दिग्गजों के माथे पर बल पड़ना लाजमी है । जिस बिहार ने प्रथम राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद और जयप्रकाश नारायण से लेकर आज तक कई अच्छे और अव्वल दर्जे के ताकतवर नेता दिए उसी बिहार में लालू युग से भ्रष्ट राजनीति की शुरुआत हुई और बिना लालू बिहार की राजनीति बेस्वाद ही मानी जाएगी । यूपी की भांति बिहार से भी कांग्रेस के संपूर्ण पतन के बाद एक लम्बे अरसे से लालू और नीतीश बिहार राजनीति की धुरी बने हुए हैं । और अब नीतीश बाबू तो बाकायदा पलटू चाचा का टाइटल हासिल किए बैठे है सोशल मीडिया पर। तो अब तक के छोटे बड़े बदलावों से गुजर रहे बिहार को जंगलराज से मुक्त करने के लिए धन और धर्म दोनों बचाने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगाना होगा और इसके लिए बड़ा पासा फेंका गया जिसमें धन जाए ना धर्म जाए।

**बात नहीं समझ आयी तो ये बयान पढ़िए ..**

बिहार में एनडीए से अगला मुख्यमंत्री कौन होगा यह चुनाव के बाद तय करेंगे - अमित शाह

नीतीश कुमार के दिल में प्रधानमंत्री बनने की ललक तो है पर एनडीए का मोह भी है । इसी उहाफोह में वो अब भी खुद को बेरुखी की तरफ तेजी से नहीं मोड़ पा रहे। कभी ममता बनर्जी भी इसी संगठन की एक मजबूत स्तम्भ हुआ करती थी पर उनकी ललक पीएम बनने की नहीं सीएम बनने की हवस थी जो स्वाभाविक भी है । इतनी लम्बी राजनीति करने के बाद ऐसा होता ही है । इसी लालसा में उन्होंने विरोधी दलों को एक मंच पर लाने का सफल बीड़ा उठाया था । वह तो राहुल गाँधी को प्रधानमंत्री बनने की हवस में खड़गे इंडी गठबंधन के स्वयंभू अध्यक्ष बन बैठे । अन्यथा नीतीश फिर से एनडीए में नहीं जाते । खैर ! बात आज की करें तो नीतीश की नाराजगी समझ आती है । यदि उन्हें लगेगा कि बीजेपी उन्हें फिर से सीएम बनाने में साथ नहीं देगी तो निश्चय ही वे साथ छोड़ सकते हैं ।



**पंकज सीबी मिश्रा /राजनीतिक विशलेषक एवं पत्रकार जौनपुर यूपी**

**अब ये बयान पढ़िए**

नीतीश यदि राजद के साथ आएं तो उनका स्वागत करेंगे - लालू

**राजद और इंडी गठबंधन के लिए नीतीश के दरवाजे बंद - तेजस्वी**

जानते हैं कि बीजेपी आसानी से नीतीश को नहीं जाने देंगे देगी और गठबन्धन उन्हें पीएम बनने दे ऐसा करेगी नहीं । आखिर उन्हें भी तो चलानी है केन्द्र सरकार ? बिहार में फिर से लालू का जंगलराज न आए इसके लिए नीतीश को सीएम बनाए रखना बीजेपी की मजबूरी है । बीजेपी को मलाल है कि वह बिहार में कभी अकेले दम पर सरकार नहीं बन पाई । यह सच है कि अगली बार भी नहीं बना पाएगी ।

अत: सब खत्म हो जाए , उससे पहले साफ साफ कहिए कि नीतीश ही बिहार के अगले मुख्यमंत्री होंगे ।भ्रष्टाचार के कूप में तलहटी तक डूबे लालू यादव यदि आज प्रासंगिक हैं तो सुशासन बाबू के नाम से नीतीश कुमार की ईमानदारी भी कम प्रासंगिक नहीं है । बस नीतीश में एक कमी है ।

उन की राजनीति बड़ा चंचल और चलायमान है ।सत्ता में बने रहने के लिए उन्हें पाला बदलने में कोई संकोच नहीं । तभी तो दस वर्षों में वे पांच बार यूपीए और एनडीए में आते जाते रहते हैं । नीतीश कुमार लम्बे अरसे से अटलजी के भक्त रहे , उनकी सरकार में प्रमुख मंत्री पद भी संभाले हैं , लेकिन मन की चंचलता और कुर्सी की ललक कभी उनका पीछा नहीं छोड़ती । तभी तो आज फिर गर्मागर्म चर्चाओं में हैं ।

**पर ये बयान कुछ और कह रहा..**

हम एनडीए में हैं और इसी गठबंधन में रहेंगे - लल्लन सिंह

इस नए साल 2025 में दो विधानसभाओं के चुनाव होने हैं । दिल्ली के चुनाव आरंभिक महीनों में हैं और बिहार के चुनाव वर्षान्त में । दिल्ली चुनाव का घमासान शुरू हो चुका है , अधिसूचना कभी भी जारी हो सकती है । दिल्ली छोटा राज्य है , आधा अधूरा राज्य है ।

लेकिन बिहार बड़ा राज्य है , अनेक मामलों में संवेदनशील भी है । बिहार सदा ही राष्ट्रीय राजनीति के केन्द्र में रहा है । सच कहें तो आजादी से पहले भी और बाद में भी राजनीति का तमाम ग्लैमर यूपी बिहार से ही आया है । हिन्दी भाषी सशक्त राजनैतिक बैल्ट की रीढ़ है बिहार । यूपी बिहार की राजनीति में ऐसे नेताओं का वर्चस्व रहा है जो दलित और पिछड़े वर्ग की राजनीति ईमानदारी से करते है और सवर्णों का भी सम्मान करते है ।

## अपनी समस्या हमें बतायें

**आपके साथ या आपके आस-पास कोई घटना, दुर्घटना, भ्रष्टाचार, जुर्म हुआ है या उत्पीड़न हुआ है अथवा आपके क्षेत्र की समस्या है और आपकी समस्या जायज है तो आपकी समस्याओं के समाधान हेतु सम्बन्धित उच्च अधिकारियों एवं शासन-प्रशासन तक पहुंचाने के लिये बी पी एस न्यूज आपके साथ है। आपकी खबर शत् प्रतिशत प्रकाशित की जायेगी। एवं आपका नाम व नम्बर आपके अनुसार प्रकाशित या पूर्णतया गुप्त रखा जायेगा।**

**दिये गये नम्बर पर काल करें या हमें ई मेल करें।**

**फोन नं.- 8423454502, bps.knp786@gmail.com**

## आवश्यक सूचना

**प्रिय ग्राहकों/विज्ञापनदाताओं को सूचित किया जाता है कि बी.पी.एस. न्यूज समाचार पत्र में नगद भुगतान की व्यवस्था नहीं है। कृपया चेक/डी.डी. बी पी एस न्यूज के नाम से ही चेक आदि भेजें। नगद भुगतान की व्यवस्था नहीं है। नगद भुगतान करने पर विज्ञापनदाता स्वयं जिम्मेदार होंगे। - संपादक**

## आवश्यकता है

**बी पी एस न्यूज राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक, साप्ताहिक समाचार पत्र व ऑनलाइन न्यूज चैनल (पोर्टल) के लिये समस्त तहसीलों एवं ब्लाक स्तर पर ब्यूरो चीफ, संवाददाताओं, छायाकार तथा विज्ञापन प्रतिनिधियों युवक-युवतियों की आवश्यकता है।**

**संपर्क करें -:**

मो.: 8423454502

email:bps.knp786@gmail.com

# राष्ट्रीय सुरक्षा कर्मचारी महासंघ के सयुंक्त मंत्री को महासंघ ने दी शानदार विदाई



बीपीएस न्यूज

कानपुर। लगभग 35 वर्ष का अपना सेवाकाल पूर्ण कर उत्तर प्रदेश के कानपुर में चकेरी स्थित भारतीय वायु सेना की बी.आर.डी. शाखा में कार्यरत सी.ई.यू. के महामंत्री और राष्ट्रीय सुरक्षा कर्मचारी महासंघ के संयुक्त मंत्री जी.डी. शर्मा मंगलवार 31 दिसंबर को रिटायर हो गए। को सेवानिवृत्त हो गए। वे सेक्रटरी जेसीएम थर्ड लेवल काउंसिल एयर हेडक्वार्टर और डब्ल्यूसीएम इंटक आदि पदो पर भी हैं। उन्होंने सिविल कर्मचारियों की समस्याओं के लिए दिल्ली तक संघर्ष किया। उनकी सेवानिवृत्ति के अवसर पर एयर फोर्स स्टेशन के बाहर महासंघ की ओर से उनका गरिमामयी विदाई समारोह आयोजित किया गया। जहां सैकड़ों की संख्या में कर्मचारियों और नेताओं ने उन्हें भावभीनी विदाई दी और उनके संघर्ष को याद किया। राष्ट्रीय सुरक्षा कर्मचारी महासंघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एच.एन.तिवारी, सचिव सिद्धनाथ तिवारी और इंटक के प्रदेश उपाध्यक्ष पी.एस.बाजपेई सहित सभी साथियों ने फूल मालाओ से और अंग वस्त्र पहनाकर कर ढोल नगाड़ो के साथ जी.डी.शर्मा का स्वागत किया और उनके दीर्घायु ,निरोगी होने के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर एच. एन. तिवारी ने जी. डी. शर्मा की साफ़ सुथरी छवि और फेडरेशन के प्रति उनकी लगन और ईमानदारी से जिम्मेदारी का निर्वहन करने के लिए उनकी तारीफ करी और उन्हें एक कुशल ट्रेड यूनियन लीडर बताया। इसके बाद श्री शर्मा एयर फोर्स स्टेशन से रथ पर सवार होकर ढोल नगाड़ो के साथ एक अपने साथियों संग एक लम्बे काफिले के रूप मे अपने घर के लिए रवाना हुए। तो पूरे रास्ते लोगों की निगाहें उनके शानदार काफिले पर टिकी रहीं। इतने सम्मान के साथ घर तक पहुंचाने के लिए श्री शर्मा ने सभी का आभार जताया और सभी से स्वल्पाहार ग्रहण करने के बाद ही जाने का आग्रह किया। इस दौरान मुख्य रूप से किला मजदूर यूनियन के अध्यक्ष महेंद्र नाथ, महामंत्री समीर बाजपेई,सिद्धनाथ तिवारी, पी.एस. बाजपेई, रतन कुमार,आशुतोष तिवारी, नितिन पाण्डेय,उमेश शुक्ला,बलदेव, राम सुहावन, सी.डी.शर्मा अशोक शर्मा, धीरेन्द्र शर्मा, योगेन्द्र कुमार शर्मा,अभिजीत शर्मा अर्पित शर्मा, विकास शर्मा, राजकुमार शर्मा, सचिन शर्मा, सुशील कुमार शर्मा, देवेन्द्र शर्मा, अंकित कुमार आदि कई गणमान्य लोग काफी संख्या में मौजूद रहे।

## गोविंदपुरी से रवाना होंगी महाकुंभ वनवे स्पेशल

बीपीएस न्यूज

कानपुर। महाकुंभ वनवे स्पेशल ट्रेनें आज से चलने लगेंगी। तीन भावनगर और एक साबरमती स्पेशल ट्रेनें वाया गोविंदपुरी से प्रयागराज पहुंचेगी। ट्रेनों का स्टॉपेज दो से पांच मिनट तक होगा। 09227 भावनगर से प्रयागराज वनवे एक जनवरी बुधवार को 22 कोच के साथ रवाना होगी। वनवे स्पेशल भावनगर टर्मिनस दोपहर में 2.50 बजे चलेगी। जो गोविंदपुरी स्टेशन 08.20 बजे पहुंचेगी। दो मिनट का स्टॉपेज होगा। अगले दिन गुरुवार को 11.30 बजे प्रयागराज पहुंचेगी। इसी तरह 09225 भावनगर-प्रयागराज स्पेशल भावनगर टर्मिनस से देर शाम 08.20 बजे रवाना होगी। जो इटावा होते गोविंदपुरी 12.20 बजे आएगी।

# साहित्य कारों के सामाजिक सरोकार विषय में डाला प्रकाश



बीपीएस न्यूज

कानपुर। उदबोधन समिति नेहरू नगर के सभागार में साहित्यिक संस्था विकासिका के तत्वावधान में दंडी स्वामी रमाकांत शुक्ल रामानंद आश्रम तथा डॉ. लक्ष्मी कांत पांडेय एवं अमित अग्रवाल का विभिन्न क्षेत्रों में किये गये कार्य हेतु एक सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। समारोह की अध्यक्षता महाराज पंडित प्रेमाचर्या ने की तथा मुख्य अतिथि रमाकांत शुक्ल और विशिष्ट अतिथि डॉ. लक्ष्मी कांत पांडेय और अमित अग्रवाल ने उपस्थित लोगों को संबोधित किया। इसके पूर्व समारोह में मंचस्त लोगों ने सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन किया तथा वाणी वंदना सुरेश गुप्त राजहंस ने की।

समारोह में डॉ. विनोद त्रिपाठी ने संबोधित करते हुए डॉ. लक्ष्मी कांत पांडेय और दंडी स्वामी रमाकांत शुक्ला एवं अमित अग्रवाल के सामाजिक तथा साहित्यिक सरोकार पर प्रकाश डाला और इस तरह की सम्मान श्रृंखला आगे बढाने पर जोर दिया।

कार्यक्रम में ओमप्रकाश शुक्ल, अमिय ने रमाकांत के विषय में पद्यात्मक अभिव्यक्ति प्रस्तुत की और धारणा शुक्ला ने अपनी भावात्मक अभिव्यक्ति प्रस्तुत की।

कार्यक्रम का संचालन ओम प्रकाश पाठक ने किया और कार्यक्रम में मुख्य रूप से विजय नारायन शुक्ला, राकेंद्र मोहन तिवारी, दुर्गा बाजपेयी, विकास शुक्ला अक्षत, उमेश शुक्ला, अनिल त्रिपाठी,पूर्णिमा त्रिपाठी, डॉ. प्रदीप अवस्थी, अमित गुप्ता, सुनीता तिवारी, प्रेम स्वरूप त्रिपाठी, अंबुज गुप्ता, सुरेंद्र गुप्त सीकर, शशि शुक्ला, अशोक मिश्रा, डॉ. जहान सिंह, हर्षित शुक्ला सहित बड़ी संख्या में साहित्यकार एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# मण्डलायुक्त ने हाड़ कंपाऊ ठंड के चलते बांटें कम्बल, जलवाएं अलाव

कानपुर। पूरे प्रदेश में व्यापक शीतलहर के दृष्टिगत शासन से प्राप्त निर्देशों के क्रम में रात्रिकालीन मण्डलायुक्त, कानपुर मंडल , अमित गुप्ता ने नगर के रैन बसेरों व चुन्नीगंज बस स्टैंड के अलाव एवं अन्य सार्वजनिक स्थलों का औचक निरीक्षण किया व जरूरतमंदों को कंबल बांटे। मंडलायुक्त ने चिन्हित स्थलों पर अलाव जलने की स्थिति को भी परखा। निरीक्षण के दौरान श्री गुप्ता ने रैन बसेरों के बाथरूम व शौचालयों की साफ-सफाई को दुरुस्त करने के साथ-साथ रैन बसेरों का समय से संचालन करने के भी निर्देश दिए। मंडलायुक्त ने आश्रयहीन राहगीरों को भी कंबल बांटें व उन्हें आश्रय गृहों तक पहुंचवाया। इस दौरान उन्होंने कहा कि कोई भी व्यक्ति सड़क पटरी पर, डिवाइडर पर, पार्कों में या खुले आसमान के नीचे न सोएं। ऐसे समस्त व्यक्तियों को समुचित माध्यम से आश्रय उपलब्ध कराया जा रहा है तथा सभी जरूरतमंदों के लिए कंबल देने के साथ-साथ अलाव जलवाएं गए हैं।

# सड़क सुरक्षा माह का हुआ शुभारम्भ



बीपीएस न्यूज

कानपुर। उ.प्र. शासन के निर्देशानुसार प्रदेश भर में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह आयोजित किया जाना है। जिसके क्रम में एक जनवरी 2025 को संभागीय परिवहन अधिकारी कार्यालय, कानपुर में एक माह का राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का शुभारम किया गया। एआरटीओ प्रवर्तन अधिकारी कहकशां खातून ने बताया कि यह सड़क सुरक्षा माह एक जनवरी से 31 जनवरी , 2025 तक चलेगा। बुधवार को सडक सुरक्षा माह के प्रथ्थम दिन कार्यालय में अपने वाहन एवं लाइसेंस का कार्य कराने आये समस्त आवेदको को सड़क सुरक्षा के नियमो के प्रति जागरूक किया गया एवं सड़क सुरक्षा के नियमो का पालन करने हेतु शपथ दिलाई गई। इस मौके पर संभागीय परिवहन कार्यालय के समस्त प्रवर्तन अधिकारी और कार्यालय के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पुलिस आयुक्त का आमजन के साथ नव वर्ष 2025 का स्वागत, चाय पर चर्चा और सुरक्षा के प्रति आश्वासन

कानपुर पुलिस आयुक्त अखिल कुमार ने नव वर्ष 2025 के अवसर पर आमजनमानस को हार्दिक शुभकामनाएं दीं और उनके साथ बैठकर चाय पी। इस दौरान उन्होंने नागरिकों से सीधे संवाद किया, उनकी समस्याओं को सुना और सुरक्षा को लेकर उनकी चिंताओं का समाधान करने का आश्वासन दिया। पुलिस आयुक्त ने वर्ष 2025 में पुलिस सेवाओं को और प्रभावी बनाने का संकल्प लिया और समाज में शांति व सुरक्षा बनाए रखने के लिए निरंतर प्रयास करने की बात कही।

**पुलिस द्वारा आम नागरिकों के संग नव वर्ष का पहला दिन बिताया**

कमिश्नरेट कानपुर नगर के समस्त थाना प्रभारी द्वारा अपने-अपने थाना क्षेत्र में नव वर्ष 2025 का स्वागत किया गया। इस अवसर पर उन्होंने आम नागरिकों, गरीबों और बच्चों के साथ समय बिताया। सभी थाना प्रभारी ने नागरिकों के साथ चाय पी और मिष्ठान का वितरण किया। इस दौरान थाना प्रभारी ने नागरिकों से सीधे संवाद किया, उनकी समस्याओं को सुना और सुरक्षा के बारे में उनकी चिंताओं का समाधान करने का आश्वासन दिया। कानपुर पुलिस ने समाज के हर वर्ग के साथ खड़े होने का संकल्प लिया और समाज में शांति तथा सुरक्षा बनाए रखने के लिए निरंतर प्रयास करने का विश्वास दिलाया।

## कंप्यूटर फैकल्टी द्वारा धूमधाम से मनाया गया नूतन वर्ष

बीपीएस न्यूज

कानपुर। सीएसए के अधीन संचालित बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर कृषि अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी महाविद्यालय की कंप्यूटर लैब में कंप्यूटर फैकल्टी द्वारा नव वर्ष के स्वागत हेतु कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें अधिष्ठाता डॉ एन के शर्मा का कशफ खान, श्वेता दुबे, नीरजा शर्मा, मलीहा खानम, मनीष सहाय द्वारा पुष्प पुंज देकर स्वागत किया गया। तत्पश्चात अधिष्ठाता ने केक काटकर नए वर्ष का आगाज किया। कार्यक्रम में सभी कंप्यूटर फैकल्टी द्वारा अधिष्ठाता द्वारा महाविद्यालय के हित में किए जा रहे कार्यों की भूरि भूरि प्रशंसा की। और उनके कार्यों में अपना पूर्ण सहयोग देने का संकल्प लिया। अधिष्ठाता महोदय ने भी कंप्यूटर फैकल्टी द्वारा दिए जा रहे सहयोग की प्रशंसा की।कार्यक्रम में मोहम्मद हुसैन, मान सिंह, बृजेंद्र कुमार, हरि किशोर तिवारी ने अपना सहयोग प्रदान किया।

## गंगा बैराज पर चला संघन चेकिंग अभियान

बीपीएस न्यूज

कानपुर। अपर पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था हरीश चन्दर द्वारा पुलिस बल के साथ नव वर्ष के दृष्टिगत सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए संध्या को गंगा बैराज पर संघन चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमें पुलिस टीम ने संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की गहनता से चैकिंग की गई।

## सीपी ने जेड-स्क्वायर मॉल का किया निरीक्षण

बीपीएस न्यूज

कानपुर। नववर्ष के दृष्टिगत 31 दिसंबर की संध्या पर सीपी अखिल कुमार ने कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत जेड-स्क्वायर मॉल, कानपुर का निरीक्षण किया।

इस दौरान शांति/सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु तैयारियों की समीक्षा की गईनिरीक्षण के समय प्रभारी निरीक्षक कोतवाली सहित पर्याप्त पुलिस बल मौके पर मौजूद रहा। पुलिस आयुक्त ने मौके पर तैनात अधिकारियों और कर्मचारियों को क्षेत्र में गश्त बढ़ाने और नववर्ष समारोह के दौरान किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए उचित प्रबंधन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# फिर रेल पलटाने की साजिश, रेलवे लाइन पर मिला गैस सिलेंडर, पास में पड़ी थी खाली बोरी

बीपीएस न्यूज

कानपुर। बुधवार को सुबह बर्राजपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 1 के पश्चिमी किनारे पर 5 किलो वाला खाली गैस सिलेंडर रेलवे लाइन के बीचों-बीच में पड़ा मिला। रेलवे कर्मी द्वारा दी गई सूचना पर कानपुर से लेकर इटावा-आगरा तक की जीआरपी पुलिस व फॉरेंसिक टीम सक्रिय होकर तत्काल मौके पर पहुंची। जीआरपी पुलिस व फॉरेंसिक टीम ने पहुंचकर सिलेंडर को अपने कब्जे में लेकर बारीकी से जांच पड़ताल की।

कुछ दिनों पहले ही मुड़ेरी क्रॉसिंग के पास एलपीजी का भरा हुआ इंडेन गैस सिलेंडर मिला था, जिसमें काफी दिनों तक पुलिस प्रशासन जांच पड़ताल में लग रहा था। बुधवार को फिर किसी शरारती तत्व द्वारा छोटा वाला खाली गैस सिलेंडर रेलवे लाइन के बीच में डाल दिया गया। उसके पास ही एक खाली बोरी पड़ी थी जिससे अनुमान लगाया जा रहा है कि आरोपी इसी बोरी में सिलेंडर को रखकर लाया होगा।

खतरे को भांप कर लोगों में अफरा तफरी फैले इसलिए उसने सिलेंडर को बोरी से निकाल कर रेलवे लाइन के बीच में डालना मुनासिब समझा। आगरा के रेलवे एसपी अभिषेक वर्मा जीआरपी एसीपी उदय प्रताप सिंह इटावा कानपुर रेलवे पुलिस बिल्हौर एसीपी शिवराजपुर थाना पुलिस फॉरेंसिक टीम आदि ने मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल की।

इस मामले में जीआरपी एसपी अभिषेक वर्मा ने बताया कि किसी शरारती द्वारा सिलेंडर को रेलवे लाइन पर डाल दिया गया है जिससे पुलिस प्रशासन हैरान परेशान हो। इसकी जांच चल रही है, दोषी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

# एडीजी जोन ने जोगेन्द्र कुमार को नई जिम्मेदारी का प्रतीक चिह्न लगाकर दी बधाई



बीपीएस न्यूज

कानपुर। जोगेन्द्र कुमार, पुलिस उपमहानिरीक्षक, कानपुर परिक्षेत्र, कानपुर को पुलिस महानिरीक्षक पद पर प्रोन्नति के उपलक्ष्य में जोनल कैम्प कार्यालय में पिपिंग सेरेमनी का आयोजन किया गया। आलोक सिंह, अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर द्वारा उनके कंधे पर नई जिम्मेदारियों का प्रतीक चिह्न (पिपिंग) लगाकर उत्कृष्ट कार्यों के लिए बधाई दी एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें जनता की सेवा में नए उत्साह के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

# ध्यान शिविर में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने आत्म साक्षात्कार किया ग्रहण



बीपीएस न्यूज

कानपुर। मानव उत्थान सेवा समिति के द्वारा नए वर्ष के उपलक्ष्य आज श्री हंस मंदिर आश्रम में ध्यान शिवर का आयोजन किया गया सदगुरदेव श्री सतपाल जी महाराज की शिष्या साध्वी चंदन बाई जी के देखरेख में आयोजित ध्यान शिविर में सैकड़ों श्रद्धालुओं ने आत्म साक्षात्कार प्राप्त किया आगे संबोधित करते हुए साध्वी चंदन भाई जी ने कहा कि ध्यान व सुषुप्त निधि है जिसके द्वारा प्रत्येक मानव पूर्णतत्व को प्राप्त कर सकता है तत्पश्चात श्रीयांश जी महाराज का पावन जन्मोत्सव बड़े ही धूम धाम से मनाया गया।

कार्यक्रम में शैलेंद्र पाल, गिरधारी लाल गुप्ता,मिथिलेश सोनी, कुंअर पाल,अमित यादव, देवेंद उत्तम, दीपक गुप्ता, यतेन्द्र यादव,करन कठेरिया आदि भक्तों का विशेष योगदान रहा।


## सघन अभियान चला कर बच्चे को तलाश कर परिजनों को किया सुपुर्द



कानपुर। पुलिस कमिश्नरेट कानपुर नगर के थाना रावतपुर क्षेत्रान्तर्गत 31 दिसंबर को 5 वर्षीय अंश पुत्र अनूप कुमार जो घर से साइकिल चलाने निकाला था। साइकिल चलाते चलाते रास्ता भटक गया था जिसकी सूचना मिलते ही थाना रावतपुर के द्वारा टीम बनाकर सीसीटीवी फुटेज की मदद से तथा कल्याणपुर के साथ मिलकर एक सघन अभियान चलाकर बच्चे को सकुशल तलाश कर परिजनों को सुपुर्द किया गया।

# एक ही छत के नीचे मिलेगी सभी सुविधाएं : डॉ. संजय काला

बीपीएस न्यूज



कानपुर। जीएसवीएम मेडिकल कालेज से सम्बंद्ध लाला लाजपत राय चिकित्सालय में अब नए वर्ष पर मरीजो को एक तोहफा मिलने जा रहा है। अब अस्पताल में कई अत्याधुनिक सुविधाओ के साथ दो अलग से आयुष्मान वार्ड भी बनेंगे ताकि उन्हें बेड के लिए परेशान न होना पडे। इस बावत प्राचार्य डॉ संजय काला ने अस्पताल से मिलने वाली सुविधाओ के बारे में जानकारी दी। प्राचार्य कालेज प्रो. डॉ संजय काला ने बताया कि नव वर्ष यानी 2025 में हैलट (लाला लाजपत राय चिकित्सालय) में बर्न वार्ड, ट्रामा सेंटर, 100 बेडो का आईसीयू, 50 निजी बेड का वार्ड व दो नए आयुष्मान वार्ड बनने जा रहे है जिससे अब मरीजो को सारी सुविधाएं एक ही छत के नीचे मिलेंगी जिसका श्रेय प्राचार्य डा संजय काला को जाता है। इसके साथ ही गुर्दा प्रत्यारोपण पर गहन विचार चल रहा है कि इसे भी जल्द स्थापित किया जाए ताकि किसी मरीज को अन्य दूर दराजो में जाकर गुर्दा सम्बंधी रोगो के लिए भटकना न पडे।

# जिलाधिकारी ने विभिन्न रैन बसेरों का निरीक्षण कर बांटें कंबल

बीपीएस न्यूज

कानपुर। शीतलहर के दृष्टिगत शासन के निर्देशानुसार 31 दिसंबर 2024 मध्यरात्रि जिलाधिकारी,



राकेश कुमार सिंह द्वारा जनपद के विभिन्न रैन बसेरों का औचक निरीक्षण कर रैन बसेरों की व्यवस्थाओं को देखा गया। साथ ही जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरण कर उन्हें आश्रय स्थलों में भेजा गया ।

निरीक्षण के दौरान समस्त केयर टेकर को निर्देशित करते हुए कहा कि किसी भी स्थिति में रैन बसेरों में रुकने वाले लोगों से किसी प्रकार का कोई शुल्क न लिया जाए तथा समस्त लोगों को आवश्यकता अनुसार अतिरिक्त कंबल भी उपलब्ध कराए जाए रैन बसेरों में अलाव की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए साथ ही साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा जाए निरीक्षण के दौरान सरसैया घाट,परमट, हैलेट,मूलगंज तथा भैरव घाट स्थित रैन बसेरों का निरीक्षण किया गया।

# महापौर ने गिनाई नगर निगम और जलकर की उपलब्धियां

## ♦ 150 किमी की सड़कें हुई गड्ढा मुक्त, नए साल से सभी जोन में उठेगा कूड़ा



बीपीएस न्यूज

कानपुर। मंगलवार को नगर निगम मुख्यालय में महापौर प्रमिला पांडेय ने नए साल के मौके पर नगर निगम की उपलब्धियां गिनाई। जाते हुए साल की उपलब्धियों के साथ वर्ष-2025 में शहर को मिलने वाली सौगातों का एलान किया। स्वरूप नगर में महिला मार्केट बनाए जाने का रास्ता साफ हो गया है।व्यवस्था को और मजबूत किया जाएगा। अब नगर निगम के सभी 6 जोनों में जोनवार कूड़ा उठान व्यवस्था को शुरू किया जाएगा। इसके लिए 6 प्राइवेट कंपनियों को काम दिया जाएगा। वहीं कूड़ा उठान व्यवस्था की मॉनिटरिंग कंट्रोल रूम से की जाएगी। महापौर ने बताया कि बीते साल में नगर निगम ने अमृत योजना के तहत छतमरा और मंगला विहार में तालाब का निर्माण कराया गया। 1855 सड़कों का निर्माण 17 करोड़ रुपए से किया गया। इसके अलावा 184 सड़कों का चयन कर 150 किमी लंबाई में 13 करोड़ रुपए से सड़कों को गड्ढामुक्त किया गया। महापौर ने बताया कि स्मार्ट सिटी मिशन के तहत कानपुर में खुले में बने कूड़ा घरों को खत्म किया गया। शहर में 68 पोर्टेबल कॉम्पैक्टर ट्रांसफर स्टेशन बनाए गए। इसके अलावा 31 अंडरग्राउंड डस्टबिन का निर्माण किया गया। इस वर्ष स्वच्छता के लिए कानपुर को देश में 18वां और प्रदेश में 5वां स्थान मिला। नए वर्ष के मौके पर महापौर ने एलान किया कि नए साल से हर वार्ड में एक घंटा लोगों की समस्याएं सुनेंगी।

इसमें हाउस टैक्स, जलकल, जल निगम, मार्ग प्रकाश, जेडएसओ, स्वास्थ्य विभाग, समाज कल्याण विभाग, केस्को, राशन कार्ड से जुड़ी समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। जिला प्रशासन से अधिकारी भी मौजूद रह सकते हैं। कल वार्ड-1 में चाचा नेहरू अस्पताल में महापौर का पहला शिविर लगेगा। शहर के अंदर वर्ष-2024 में 7 नलकूप, 2 मिनी नलकूप नए लगाए गए और 14 रिबोर कराए गए। 40 किमी लंबाई में पाइप लाइन और 33 किमी में सीवर लाइन डाली गई। 4811 मेनहोल को ढक्कन लगाकर कवर किया गया।

# राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी के जिला कार्यकारिणी व महिला मोर्चा के पदाधिकारियों को दिलायी गयी शपथ



बीपीएस न्यूज

कानपुर। राष्ट्रीय दिव्यांग पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार ने जनपद कानपुर नगर व महिला मोर्चा की जिला कार्यकारिणी का गठन कर दिया है। आज जिला कार्यकारिणी व महिला मोर्चा के पदाधिकारियों को राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार ने शपथ दिलायी और उनको जिम्मेदारियाँ सौंपी। दिव्यांगजनों की समस्याओ के समाधान के लिए जनपद के सभी वार्डों में समस्या समाधान शिविर लगाकर दिव्यांगजनों की समस्याओ का समाधान कराने का निर्देश दिया है।

शपथ लेने वालों में जिला अध्यक्ष राहुल कुमार, वरिष्ठ उपाध्यक्ष वैभव दीक्षित, कनिष्ठ उपाध्यक्ष गौरव कुमार, महासचिव अरविन्द सिंह, सचिव दिलीप कुमार, सत्य प्रकाश शर्मा, कोषाध्यक्ष रंजीत कुमार, संगठन सचिव राहुल विश्वकर्मा, प्रचार सचिव अब्दुल रऊफ व आडिटर आशीष कुमार व महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष गुड्डी दीक्षित, वरिष्ठ उपाध्यक्ष कुसुम अग्निहोत्री, कनिष्ठ उपाध्यक्ष सरला,पूजा, सोनी, जिला महासचिव सीमा वर्मा, वरिष्ठ सचिव सीमा कुशवाहा, कनिष्ठ सचिव गोमती वर्मा, जिला संगठन सचिव अनीता सिंह, सह संगठन सचिव याशमीन, कोषाध्यक्ष किशोरी, प्रचार सचिव राम जानकी,ममता व आडिटर अनुराधा गुप्ता को शपथ दिलायी गयी। शपथ ग्रहण समारोह पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार ने कहा कि सभी पदाधिकारी अपनी जिम्मेदारियों को ठीक ढंग से निर्वाहन करें जिससे कि दिव्यांगजनों को अधिक से अधिक लाभ मिल सके और पार्टी को मजबूत किया जा सके। वीरेन्द्र कुमार ने युद्ध स्तर पर सदस्यता अभियान भी चलाने के निर्देश दिये हैं। प्रदेश अध्यक्ष आनन्द तिवारी ने कहा कि दिव्यांगजनों के लिए जो आन्दोलन चल रहा है उसमें कानपुर नगर के लोग बढ़चढ़कर हिस्सा लें।आज शपथ ग्रहण समारोह में राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार के अलावा प्रदेश अध्यक्ष आनन्द तिवारी, प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा अल्पना कुमारी, जिला अध्यक्ष राहुल कुमार, मण्डल अध्यक्ष अशोक कुमार, जौहर अली, अर्जुन कुमार आदि मौजूद थे।

# थाना जाजमऊ इलाके में खुलेआम बेची जा रही है लीज की जमीन

बीपीएस न्यूज

कानपुर। विकास प्राधिकरण नगर निगम और पुलिस की अनदेखी के कारण लीज की जमीन पर जारी है प्लाटिंग थांना जाजमऊ के चौकी गोदावरी इलाके के अहमदनगर में एक फैक्ट्री हुआ करती थी जिसको एसआर नाम से जाना जाता था। उसकी जमीन को उद्योग व्यापार करने के लिए लीज पर लिया गया था लीज पर ली गई जमीन के मानक कहते हैं । यदि उद्योग व्यापार के लिए लीज पर ली गई जमीन है तो उस पर कोई अन्य तरह का कारोबार भी नहीं किया जा सकता। लेकिन यहां तो सभी कानूनी मर्यादाओं को पार करते हुए विकास पुराधिकरण नगर निगम और क्षेत्री पुलिस को अनदेखा करते हुए एसआर टेंडरी के मालिक ने लीज की जमीन पर बिल्डर एग्रीमेंट कर दियाऔर बिल्डरों ने जमीन बेचना शुरू कर दिया फैक्ट्री के अंदर और आसपास की कई सौ गज जमीन बेची जा चुकी है लीज की जमीन पर आप देख सकते हैं एक मानक विहीन बहु मंजिला इमारत भी तैयार है जो कई हादसों को दावत दे रहा है।

विकास प्राधिकरण नगर निगम या हमारी क्षेत्री पुलिस अपना कर्तव्य समझकर अगर गहनता से पूरी जमीन की जांच करेगी तो होगा खुलासा।बिल्डर एग्रीमेंट के पेपर और फैक्ट्री के लीज के पेपर और फैक्टरी मालिक की कुछ पर्सनल जमीन के सभी के पेपर चेक किए जाएंगे और बेची गई पूरी जमीन चेक करवाई जाएगी तो बहुत बड़ा है होगा खुलासा।बिल्डरों दावा है विकास प्राधिकरण और नगर निगम में उनकी सेटिंग होने के कारण अबतक नही हुई कार्रवाई वही सूत्रों की माने तो क्षेत्री पुलिस का चाहिता है फैक्ट्री मालिक शायद इस लिए पुलिस ने भी अब तक नहीं किया कोई कार्रवाई।

# साउथ जोन के गुजैनी थाना पुलिस को मिली कामयाबी

कानपुर। थाना गुजैनी पुलिस द्वारा क्षेत्र में चोरी की घटनाओं का संज्ञान लेते हुए गुजैनी थाना प्रभारी विनय तिवारी एवं उनकी सहयोगी पुलिस टीम अथक प्रयासों से ई-रिक्शा बैटरी चोरों के पास से बरामद एक जेन कार 16 बैटरी एक मोटर साइकल गुजैनी थाना प्रभारी विनय तिवारी एवं उनकी सहयोगी पुलिस टीम द्वारा क्षेत्र में लगातार सख्त पुलिसिंग एवं सड़क पर उतरकर कार्यरत होने से क्षेत्र की जनता ने सुरक्षित होने को बताया गुजैनी थाना प्रभारी विनय तिवारी द्वारा लगातार चोरी की घटनाओं का सफल अनावरण हुआ।

# ज्वैलर्स की दुकान से 1.25 करोड़ की चोरी

## - सीसीटीवी फुटेज के जरिए पुलिस पड़ताल में जुटी

बीपीएस न्यूज

कानपुर। ज्वैलर्स की दुकान से ताले तोड़कर चोरों ने 1.25 करोड़ के गहने पार कर दिए। कारोबारी परिवार संग गुमटी में साली के यहां रुके थे। मंगलवार सुबह दुकान खोलने पहुंचे, तब घटना की जानकारी हुई। पुलिस मौके पर पहुंची। डॉग स्क्वायड और फोरेंसिक टीम को बुलाकर जांच कराई। घटना नवाबगंज के सर्राफा बाजार की है।

ज्वैलर्स जुगल किशोर का तीन मंजिला मकान है। मकान के ग्राउंड फ्लोर पर श्री स्वामी दरबार हरी शकंर सर्राफ के नाम से उनकी दुकान है। जुगुल किशोर के मुताबिक, परिवार सहित बीमार साली के घर गये हुए थे। सुबह जब वो दुकान आए चोरी की जानकारी मिली। दुकान के अंदर घुसे, तो सब बिखरा पड़ा था। जुगुल किशोर के मुताबिक, उनके घर के बगल में खाली प्लाट है। चोर वहीं से उनकी छत पर पहुंचे। ताले तोड़ते हुए दुकान तक घुस आए। दुकान से आधा किलो सोना और लगभग 1.25 लाख रुपए नकदी मौजूद थी। वो सब ले गए।

इंस्पेक्टर नवाबगंज दीनानाथ मिश्रा ने बताया कि सीसी टीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं। एक कैमरे में कुछ आकृति दिखी है। पुलिस जल्द मामले का खुलासा कर चोर को गिरफ्तार करेगी।

# बिजली विभाग की टीम पर हमला, सरकारी कार्य में बाधा

## लाइट चोरी करने वालों को पकड़ने गई टीम का घेराव, निरस्त हुई रेड

बीपीएस न्यूज

कानपुर। चोरी की बिजली से ई-रिक्शा चार्ज करने वाले शातिरों को पकड़ने के लिए केस्को की रेड टीम ने कैंट थाना क्षेत्र के झाड़ी बाबा पड़ाव में छापेमारी की। वहां पर भीड़ ने टीम को घेर लिया। उनसे बदसलूकी की। स्थिति इतनी गम्भीर हो गई कि उसके आगे जहां-जहां से बिजली चोरी की सूचना थी, वहां पर केस्को की विजिलेंस टीम रेड ही नहीं डाल सकी। इस मामले में केस्को के एक्सईएन ने कैंट थाने में तहरीर देकर एफआईआर दर्ज कराई है।

बिजली घर में तैनात रेड टीम के एक्सईएन राम कुमार के मुताबिक, सूचना मिली थी कि झाड़ी बाबा पड़ाव पर चोरी की बिजली से ई-रिक्शा की चार्जिंग की जा रही है। राम कुमार अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। वहां पर उन्होंने बिजली चोरी के उपकरण बैट्री आदि सामग्री देखी। मौके पर बिजली विभाग की टीम को 25 ई-रिक्शा चार्ज होते मिले। टीम ने चार्जर जब्त किए। इस पर वहां पर मौजूद भीड़ ने हंगामा शुरू कर दिया। टीम के रेड करने के साथ ही मौके पर अफरा-तफरी का माहौल हो गया। भीड़ ने टीम के साथ हाथापाई कर जब्त किए गए चार्जर छुड़ा लिए। गाली-गलौज और हंगामा बढ़ता देख टीम को छापेमारी बंद करनी पड़ी। इसी दौरान आरोपी शाह आलम ने कुछ बैट्री और चार्जर अपनी कार की डिक्की में छुपा लिए। टीम ने उसे वहां से निकलवाने का प्रयास किया, मगर शाह आलम अपने लोगों के साथ टीम से भिड़ गया। टीम उससे भी माल बरामद नहीं कर सकी। कैंट इंस्पेक्टर अरविंद कुमार राय ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया गया है। आरोपियों ने सरकारी कार्य में बाधा डालने का कार्य किया है। उसी के अनुसार विवेचना कर पुलिस मामले में कार्रवाई को आगे बढ़ाएगी।

# किडनी की परेशानी को न करें नजर अंदाज जान का हो सकता है खतरा

बीपीएस न्यूज

कानपुर। पारस हेल्थ केयर के वरिष्ठ चिकित्सक और किडनी रोग विशेषज्ञ एमएस, एमसीएच डा सत्यम श्रीवास्तव ने एक विशेष वार्ता के दौरान बताया कि आज कल की भगदौड़ से भरी जिंदगी में अपने शरीर को स्वस्थ रखना बहुत ही आवश्यक है। डा सत्यम ने बताया दूषित खान पान के कारण किडनी संबंधित रोग मरीजों में अधिक संख्या में देखने को मिल रहे है। जिनमें किडनी की पथरी, प्रोस्टेट, कैंसर जैसी बिमारियों मरीज की अनदेखी के कारण बढ़ती जा रही है। उन्होंने बताया बार-बार पेशाब आना या रूक रूक कर पेशाब आने की अगर समस्या है तो तुरंत अपने चिकित्सक से संपर्क कर इसका इलाज कराये। डा सत्यम ने बताया कि किडनी की पथरी को आपरेशन के माध्यम से निकाला जा सकता है।

डा सत्यम ने कहा कि अगर इन रोग से संबधित कोई मरीज मेरे पास आता है ती पहली प्रथमिकता पैसा नही उसका उचित इलाज करना है। उन्होंने बताया कि जल्द ही वो मरीजों की सुविधा के लिये मरियमपुर चौराहे पर अपने क्लीनिक का शुभारंभ करने जा रहे है। क्लीनिक का मुख्य उद्देश होगा कम से कम लागत में मरीजों का अच्छे से अच्छा ईलाज मिल सके। डा सत्यम ने यह भी स्पष्ट किया कि मरीज चाहे किस हाल में भी उनके पास आये उसका मरीज को उचित चिकित्सा प्रदान कर राहत दिलाना है। उन्होंने बताया कि अब इलाज के लिये विदेश या अन्य कही जाने की आवश्यक्ता नही सभी तरह के उपचार यही पर व्यवस्थित किये गये है।

# सरसों की उन्नत किस्म सुरेखा प्रदर्शन का किया अवलोकन



बीपीएस न्यूज

कानपुर। सीएसए के दिलीप नगर स्थित कृषि विज्ञान केंद्र पर संचालित निकरा परियोजना के अंतर्गत ग्राम औरंगाबाद में सरसों प्रक्षेत्र का आयोजन किया गया।जिसमें गांव के 40 से अधिक कृषकों ने भाग लिया।

तथा गांव के कृषक चरण सिंह यादव के खेत पर लगी सरसों की उन्नत किस्म सुरेखा प्रदर्शन का अवलोकन किया गया। कृषि विज्ञान केंद्र दिलीप नगर द्वारा निकरा परियोजना अंतर्गत ग्राम औरंगाबाद में सरसों फसल पर अग्रिम पंक्ति प्रदर्शन लगाए गए हैं। आरंभ में केंद्र के वैज्ञानिक डॉक्टर खलील खान ने सरसों पर प्रक्षेत्र दिवस की महत्ता बताते हुए फसल विविधीकरण में जैविक खेती आदि के बारे में विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि जनपद में अधिकांश क्षेत्र रबी के मौसम में गेहूं की बुवाई की जाती है। इसमें फसल विधि कारण करते हुए सरसों, अलसी आदि तिलहनी फसलों का समावेश करना चाहिए, डॉक्टर खान ने सरसों की उत्पादन तकनीक के बारे में कृषकों को सामयिक सलाह दी। उन्होंने कहा कि सरसों की फसल में कम लागत से अधिक आय कमाने की प्रबल संभावना है। खेती को लाभदायक बनाने के लिए खेती के साथ-साथ उद्यानकीय फसलों का समावेश, खेती से जुड़े हुए व्यवसाय, मूल्य संवर्धन एवं खेती की लागत को कम से कम करने के उपायों पर भी चर्चा की। खेत पर जाकर सरसों की फसल देखकर कृषक खुश हुए तथा आगामी वर्षों में सरसों फसल लगाने के लिए उत्सुकता जाहिर की।

इस अवसर पर परियोजना के एसआरएफ शुभम यादव सहित गांव के 40 से अधिक किसानों ने प्रतिभाग किया।

# आत्मरक्षार्थ प्रशिक्षण शिविर में छात्राओं ने सीखी आत्मरक्षा के गुर

## बच्चों को गुड टच और बेड टच के बारे में बताना भी बेहद जरूरी : डायरेक्टर सौरभ शुक्ला

बीपीएस न्यूज

कानपुर। कानपुर डिफेन्स फिजिकल एकेडमी के द्वारा आत्मरक्षा शिविर का आयोजन नौबस्ता स्थित एकेडमी परिसर में किया गया। शिविर के दौरान ट्रेनर ने अभ्यर्थियों को आत्मरक्षा के गुर सिखाए। इस दौरान प्रशिक्षक ने छात्राओं को गुड टच-बेड टच की भी जानकारी दी। डायरेक्टर सौरभ शुक्ला ने कहा कि आत्मरक्षा प्रशिक्षण न केवल शारीरिक सुरक्षा के बारे में सिखाता है बल्कि परिस्थितिजन्य जागरूकता पर भी जोर देता है। बच्चों को सिखाया जाता है कि खतरों को कैसे पहचानें और संघर्षों को कैसे कम करें और खतरे को भांपते ही तुरंत निर्णय कैसे लें। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के शिविर से बालिकाओं में आत्मरक्षा के गुणों के विकास होता है। आत्मिक क्षमता भी बढ़ती है। जिससे भारतीय संस्कृति की रक्षा संभव है। डायरेक्टर सौरभ शुक्ला ने कहा कि जब शस्त्र बल होता है तभी शास्त्रों की रक्षा हो पाती है। तथा एकेडमी और स्वयं उनका उद्देश्य संस्कृति रक्षा, शक्ति संचय तथा सेवा करना है। शिविर में भाग ले रही अभ्यर्थी अंकिता ने कहा कि अब वह दुपट्टा व चाबी को भी हथियार बना सकती है, यह आत्मरक्षा प्रशिक्षण से उन्होंने काफी सीखा है। अब जोरदार पंच और किक से किसी को भी वह धराशायी कर सकती हैं।

# नागरिक जीवन एवं विधिक अधिकार कार्यशाला 'का किया आयोजन

बीपीएस न्यूज

कानपुर। संर्वोच्च न्यायालय भारत, उ0प्र0 राज्य विधिक प्राधिकरण लखनऊ के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा कानपुर द्वारा अपर जिला विधिक एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव विधिक सेवा प्राधिकरण कानपुर शुभा गुप्ता के नेतृत्व मे विषय नागरिक जीवन एवं विधिक अधिकार कार्यशाला 'का आयोजन किया। स्थानीय भगत नामदेव हाल,बारादेवी कानपुर में विधिक साक्षरता एवं विधिक अधिकार विषय पर बोलते हुये सचिव महोदया ने बताया कि प्रत्येक नागरिक को विधिक साक्षर होना जरूरी है। विधिक सेवा प्राधिकरण प्रत्येक नागरिको के अधिकारों की रक्षा करता है। पैनल लार्यस के जरिए जरूरतमंद लोगों को सरकारी खर्चे पर अधिवक्ता उपलब्ध करवाये जाते है।

लोगो को नि:शुल्क सहायता प्राप्त करने के लिये विधिक सेवा प्राधिकरण से सम्पर्क करना चाहिये। कार्यशाला मे पी.एल.वी डा0 परवेज अखतर ने बताया कि नागरिकों के जीवन व विधिक अधिकारों की रक्षा हेतु व त्वरित एवं निशुल्क न्याय के लिये पी.एल.वी गणों से सम्पर्क करे व सुलह समझौता पर ध्यान दें। अनावश्यक मुकदमेबाजी से बचें।इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य आयोजक सुरेन्द्र पाल सिंह, नित्या चावला व कार्यक्रम के व्यस्थापक स0 नीतू सिंह ने जज महोदया का स्वागत किया।संघ प्रांत संचालक भवानी भीख ने अपने सम्बोधन में गोष्ठी को सार्थक बताया।

# सामाजिक समरसता मंच द्वारा मनाई गई सावित्रीबाई फुले की जयंती

बीपीएस न्यूज

कानपुर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कानपुर दक्षिण द्वारा आयोजित सावित्रीबाई फुले जन्म जयंती पर सामाजिक समरसता मंच द्वारा आयोजित बस्ती सह कार्यक्रम के अंतर्गत जागेश्वर बस्ती में आयोजित कार्यक्रम में डॉक्टर आरती द्विवेदी द्वारा महिलाओं को सावित्रीबाई फुले के द्वारा किए गए सामाजिक कार्यों को बस्ती की महिलाओं को अवगत कराया। जिससे समाज में एक प्रेरणादाई संदेश गया। तरुण सामाजिक समरसता प्रमुख राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कानपुर दक्षिण, सोनू शर्मा, संजय, ऋषभ गुप्ता का विशेष योगदान इस कार्यक्रम को करने में रहा।

# ई-कॉमर्स के विरोध में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम संबोधित ज्ञापन संसद को सौंपा

बीपीएस न्यूज

कानपुर। कानपुर उद्योग व्यापार मंडल उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल द्वारा पूरे प्रदेश के सांसदों के आवास पर ज्ञापन कार्यक्रम के क्रम में कानपुर के सांसद को ई-कॉमर्स के विरोध में भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम संबोधित ज्ञापन कानपुर नगर के आवास पर जिला अध्यक्ष सुनील बजाज के नेतृत्व में दिया! ज्ञापन में प्रमुख रूप से ई-कॉमर्स प्लेटफार्म पर विक्रेताओं को अनिवार्य केवाईसी किया जाना चाहिए!

अमेजॉन और फ्लिपकार्ट जैसी बड़ी ई-कॉमर्स दिग्गज कंपनियों ने लगातार भारी भित्ति काटने घाटे की सूचना दी है उचित उच्च विक्री मात्रा के बावजूद या नुकसान इस बात का प्रत्यक्ष परिणाम है कि जहां एमएसएमई और प्रारंभिक खुदरा विक्रेताओं सहित छोटे प्रतिस्पर्धियों को बाहर करने के लिए उत्पादों को अस्तित्व पर भेजा जाता है ई-कॉमर्स प्लेटफार्म को थोक विक्रेताब रूप में कार्य नहीं करना चाहिए इससे एमएसएमई और छोटे खुदरा विक्रेताओं को नुकसान होता है बड़े-बड़े प्लेटफार्म पर दी जाने वाली कैशबैक और ब्याज मुक्त योजनाएं अ स मान खेल का मैदान बनती है। जबकि छोटे दुकानदार यह जोखिम नहीं उठा सकते हैं।

उपरोक्त मुद्दे विशेष रूप से व्यापार एमएसएमई और उपभोक्ताओं को प्रभावित करते हैं जिन पर तत्काल ध्यान देने और विनिमय अधिनियम रेगुलेटिंग एक्ट बनाने की आवश्यकता है। ज्ञापन देने वालों में प्रमुख रूप से जिला महामंत्री कृपा शंकर त्रिवेदी,सुनील बजाज, प्रदीप गुप्ता,राकेश सिंह,रामेश्वर गुप्ता, ईश्वर वर्मा, महेंद्र गुप्ता,सत्य प्रकाश जायसवाल,संतोष शर्मा, रूमी सिंह राहुल दीक्षित, सुरेश गुप्ता खादी, राजेश गुप्ता, विराट गुप्ता गीता गुप्ता,मनोज गुप्ता, गुलशन जायसवाल आदि उपस्थित थे।

# स्वामी पद्मनाभस्वामी मंदिर

**दुनिया के सबसे अमीर स्वामी पद्मनाभस्वामी मंदिर का रसूख जितना ज्यादा है, रहस्य उतना ही गहरा। हिंदुओं की आस्था, विरासत और इतिहास को समेटे पद्मनाभस्वामी मंदिर का सबसे बड़ा और गहरा रहस्य है इसका खजाना।**

## मंदिर की कहानी

श्री पद्मनाभस्वामी मंदिर केरल की राजधानी तिरुवनंतपुरम में स्थिति भगवान विष्णु का प्रसिद्ध मंदिर है। भारत में वैष्णव द्वार से जुड़े कुल 108 मंदिरों में से एक है। मान्यता है कि इस मंदिर को त्रावणकोर के राजाओं ने बनवाया था। इस स्थान पर सबसे पहले भगवान विष्णु की मूर्ति प्राप्त हुई थी। उसके बाद उस स्थान पर मंदिर का निर्माण किया गया। इस मंदिर के गर्भ गृह पर सात तहखाने मिलते हैं। छह पर तो ताला लगा है लेकिन सातवें तहखाने के दरवाजे पर कोई ताला नहीं है। बस नाग के दो चित्र दिखाई देते हैं।



## शक्तिशाली नागपाश मंत्र से किया गया सील

कहते हैं यहां तकरीबन सात तहखाने मौजूद हैं। सातवें तहखाने में जो खजाना है उसकी रक्षा नागलोक के नाग, पौराणिक पिशाच और अन्य कई अलौकिक देवता करते हैं। सातवें दरवाजे को केवल सटीक समझ वाला पुजारी ही गरूड़ मंत्र के उच्चारण से खोल सकता है। लेकिन सन 2011 में सरकार द्वारा एक ऐसी नादानी हो गई जिसका पछतावा आज भी सभी वैज्ञानिकों को होता है। जिनके द्वारा पद्मनाभस्वामी मंदिर का दरवाजा खोलना का प्रयास किया गया।





## करोड़ो का सोना निकला

साल 2011 में एक सेवानिवृत आईपीएस अधिकारी सुंदर राजन ने मंदिर के खजाने की जांच करने की मांग सुप्रीम कोर्ट में दायर की। इस मंदिर में 7 तहखाने हैं, जिन्हें सुप्रीम कोर्ट की निगरानी खोला गया और इनमें एक लाख करोड़ रुपए के हीरे और जूलरी निकली थी।



ऐसा कहा जाता है कि मंदिर की 06 तहखानों में 20 अरब डॉलर की संपत्ति है। मूर्ति की लगभग कीमत 500 करोड़ रुपये है। इसके अलावा भगवान के पास हजारों सोने की जंजीरें भी हैं। भगवान का पर्दा ही 36 किलोग्राम सोने का है।

## सरकार ने नहीं लिया अपने कब्जे में



पद्मनाभ स्वामी मंदिर का कामकाज शाही परिवार के अधीन एक प्राइवेट ट्रस्ट चलाता आ रहा है। त्रावणकोर और कोचिन के शाही परिवार और भारत सरकार के बीच अनुबंध 1949 में हुआ था। इसके तहत तय हुआ था कि श्री पद्मनाभस्वामी मंदिर का प्रशासन 'त्रावणकोर के शासक' के पास रहेगा।



# हो जाएं सावधान, नए साल की शुरुआत हाड़ कंपाने वाली सर्दी से होगी



दिल्ली-एनसीआर समेत उत्तर भारत के कई हिस्सों में बारिश के बाद ठंड बढ़ गई है. पहाड़ों पर बर्फबारी और मैदानी इलाकों में बारिश असर साफ दिख रहा है और अधिकतम तापमान में गिरावट आई है. इस बीच भारत मौसम विज्ञान विभाग ने शीतलहर को लेकर अलर्ट जारी किया है और बताया है कि आने वाले दिनों में हाड़ कंपाने वाली सर्दी पड़ सकती है. ऐसे में दिल्ली समेत पूरे उत्तर भारत में कड़कड़ाती ठंड के बीच नए साल का आगमन होगा. शीतलहर के अलर्ट के बीच दिल्ली समेत पूरे क्षेत्र में न्यूनतम तापमान में भारी गिरावट की भविष्यवाणी की गई है.

दिल्ली में इस समय कंपकंपी वाली ठंड का अहसास हो रहा है और मौसम विभाग ने आज भी ऑरेंज अलर्ट जारी किया है. यह अलर्ट मुख्य रूप से दिल्ली और आसपास के क्षेत्रों के लिए है, जहां बारिश, ओलावृष्टि और ठंडी हवाओं के कारण तापमान और भी गिर सकता है. इसके अलावा, हिमाचल प्रदेश, कश्मीर और उत्तराखंड के पहाड़ी इलाकों में भारी बर्फबारी से हालात और भी चुनौतीपूर्ण हो गए हैं.

भारत मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक, दिल्ली में अगले सप्ताह तक मौसम ठंडा और शुष्क बना रहेगा. मैदानी इलाकों में बारिश और पहाड़ों पर बर्फबारी की वजह से आने वाले दिनों में तापमान में गिरावट आने का अनुमान है. मौसम विभाग का अनुमान है कि आने वाले दिनों में मौसम और भी बिगड़ सकता है और ठंडी हवाएं और बारिश की संभावना बनी रहेगी. इस स्थिति में दिल्ली और एनसीआर सहित अन्य हिस्सों में ठंड बढ़ने की संभावना है, जिससे लोगों को ज्यादा सर्दी का सामना करना पड़ेगा. उत्तर भारत के कुछ स्थानों में रविवार (29 दिसंबर) से शीतलहर शुरू होने की आशंका है. पंजाब, हरियाणा-चंडीगढ़, राजस्थान के अलग-अलग स्थानों में 29-30 दिसंबर के दौरान देर रात और सुबह के दौरान घने से बहुत घना कोहरा रहने की आशंका जताई जा रही है.

राजस्थान, पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश के कई हिस्सों में इस समय घना कोहरा देखा जा रहा है. खासकर सुबह और शाम के समय कोहरे के कारण ड्राइविंग करना मुश्किल हो सकता है. कोहरे की चादर ने इन राज्यों में ठंड को और बढ़ा दिया है, जिससे सर्दी का अहसास और भी तेज हो गया है. राजस्थान माउंट आबू के तापमान में 8 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है.

# चमत्कार: मुस्लिम के घर मिले शिवलिंग और माता वैष्णो देवी की मूर्ति

जम्मू-कश्मीर के रामबाण जिले के राजगढ़ इलाके में एक मुस्लिम परिवार के घर हिंदू देवी-देवताओं की मूर्तियां निकलने से सभी लोग हैरान हैं. कई लोग इसे चमत्कार के रूप में देख रहे हैं. बता दें कि ये चमत्कार तब हुआ जब राजगढ़ के एक दूर दराज के गांव के रहने वाले लियाकत अली के घर परेशानियां आने लगीं. उन्हें खुद दो महीने में पांच बार सांप ने कटा. इसके बाद इतनी परेशानियों को देखते हुए लियाकत अली ने एक पीर को वहां बुलाया तो उसी पीर ने कहा कि तुम्हारा घर के अंदर कुछ दबा हुआ है, इसकी खुदाई करो.

फिर लियाकत अली ने यहां खुदाई की तो कुछ फीट खोदने के बाद उसे माता वैष्णो देवी की एक मूर्ति मिली, उसी के साथ एक शिवलिंग और फिर लाफिंग बुद्धा भी मिले. लियाकत ने जब स्थानीय लोगों से ये बात की तो वो भी हैरान रह गए क्योंकि इस इलाके में ज्यादातर आबादी मुसलमानों की है.

ऐसी बात सामने आने के बाद अब सैकड़ों लोग वहां इस चमत्कार को देखने और दर्शन कर पहुंच रहे हैं. यहां फिलहाल पूजा-अर्चना शुरू कर दी गई है. प्रशासन से बात करने पर पता चला कि सुरक्षा के लिए यहां विलेज डिफेंस गार्ड के सदस्य तैनात कर दिए गए हैं, साथ ही ये मूर्तियां कितनी पुरानी है इसकी जांच भी की जा रही है.

रामबाण जिले में एक मुसलमान के घर हिंदू देवी-देवताओं की मूर्तियां प्रकट होना अपने आप में एक चमत्कार से कम नहीं है. स्थानीय लोगों ने कहा कि प्रशासन यहां ध्यान दे और माता वैष्णो देवी दरबार के तर्ज पर एक विशाल मंदिर का निर्माण हो साथ ही सड़क और बाकी जरूरी सुविधाएं भी यहां पहुंचाई जाएं ताकि दर्शन के अभिलाषी श्रद्धालु यहां आकर इस चमत्कार को देख सकें.

# योगी सरकार का बड़ा फैसला, 45 दिनों तक सभी अफसरों और पुलिसकर्मियों की छुट्टी रद्द

महाकुंभ 2025 को सफलतापूर्वक आयोजित करने के लिए यूपी पुलिस ने कमर कस ली है. इसी सिलसिले में शनिवार को यूपी के डीजीपी प्रशांत कुमार ने प्रयागराज का दौरा किया. दौरे के बाद उन्होंने पुलिस कर्मियों की छुट्टियों पर रोक लगाने का आदेश जारी कर दिया है. आदेश के मुताबिक, महाकुंभ खत्म होने तक पुलिसकर्मी छुट्टी नहीं ले सकेंगे. हालांकि, अगर कोई विशेष परिस्थिति होती है, तो सक्षम अधिकारी की अनुमति से छुट्टी दी जा सकती है.

महाकुंभ के दौरान सुरक्षा को लेकर बड़े स्तर पर तैयारियां की गई हैं. श्रद्धालुओं की भीड़ को संभालने और व्यवस्था बनाए रखने के लिए खास कदम उठाए गए हैं. डीजीपी ने सभी पुलिस कर्मियों और अधिकारियों से आदेश का पालन करने की अपील की है ताकि महाकुंभ का आयोजन शांतिपूर्ण तरीके से हो सके.

महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए ई-पास सिस्टम लागू किया गया है. अलग-अलग कैटेगरी जैसे पुलिस, अखाड़े, वीआईपी आदि के लिए छह अलग-अलग रंगों के ई-पास जारी किए जा रहे हैं. हर कैटेगरी का कोटा भी तय किया गया है ताकि मेले में आने वाले लोगों को किसी प्रकार की परेशानी न हो.

महाकुंभ 2025 का आयोजन 13 जनवरी से 26 फरवरी तक किया जाएगा. सुरक्षा व्यवस्था को



लेकर नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की गई है और सभी स्तर पर तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं. श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए व्यापक प्रबंध किए गए हैं ताकि वे इस आध्यात्मिक आयोजन का आनंद बिना किसी बाधा के ले सकें.महाकुंभ सिर्फ एक धार्मिक आयोजन नहीं है, बल्कि यह आस्था और संस्कृति का सबसे बड़ा संगम है. इसके लिए पुलिस और प्रशासन पूरी मेहनत के साथ जुटा हुआ है.

# बुर्का स्विट्जरलैंड में बैन हुआ, कसमसा उठे भारत के मौलाना और उलेमा

स्विट्जरलैंड में महिलाओं के सार्वजनिक स्थानों पर बुर्का या किसी अन्य तरीके से पूरी तरह मुंह ढंकने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है. इस मामले पर देवबंदी उलेमा मुफ्ती असद कासमी और मुरादाबाद में मौलाना अमीर हमजा ने प्रतिक्रिया दी. मुफ्ती असद कासमी ने एक वीडियो बयान में कहा कि हर इंसान को अपने मजहब में जीने की आजादी है. इसी तरह स्विट्जरलैंड में रहने वाले मुसलमानों को अपने दीन, अपनी शरीयत पर चलने की आजादी देनी चाहिए. मैं स्विट्जरलैंड सरकार के बुर्का बैन के कानून की कड़ी निंदा करता हूं. ऐसे कानून को तुरंत खत्म किया जाए, उसकी निंदा की जाए क्योंकि हर शख्स को जीने की आजादी है. इसलिए, मैं स्विट्जरलैंड के हुक्मरानों से अपील करता हूं कि वहां इस तरह का कानून ना लगाया जाए.

मुरादाबाद में मौलाना अमीर हमजा ने कहा कि स्विट्जरलैंड में सार्वजनिक स्थानों पर मुस्लिम महिलाओं के बुर्का पहनने पर रोक लगाना गलत है. बुर्का इस्लामिक कल्चर है. हर धर्म यह आजादी देता है कि आप उसके हिसाब से अपनी जिंदगी गुजारें. कहीं पर भी बुर्के पर बैन की खबर सामने नहीं आई है, ऐसा कहीं नहीं है. लेकिन पहली बार स्विट्जरलैंड में बुर्के पर बैन की खबर सामने आई है. ऐसा कानून नहीं बनाना चाहिए, जिससे की किसी समुदाय को तकलीफ हो.

उन्होंने आगे कहा कि कोई देश इस तरह से चलता है, जिसमें जिस भी समाज के लोग रह रहे हैं, हर समाज का हम ख्याल रखें तभी हमारी सरकार सफल कहलाती है. हर समाज, हर वर्ग, हर तबके के लोगों का हम ख्याल रखें, तब हमारी सरकार सही कहलाती है. कानून हर किसी के लिए समान होता है और कानून कभी भी आपके धर्म पर उंगली नहीं उठाता है और धर्म के खिलाफ कोई भी कानून पास नहीं किया जाता है. स्विट्जरलैंड की सरकार ने बुर्के पर जो बैन की बात की है वो गलत है. हम सरकार से अपील करते हैं कि वो इस तरीके का काम ना करे जिससे समाज का माहौल बिगड़े और नफरत का माहौल पैदा हो जाए.मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, स्विट्जरलैंड में नए साल 2025 पर महिलाओं पर चेहरा ढकने पर प्रतिबंध लागू कर दिया गया है. अब बुर्के, नकाब या किसी अन्य तरह की चेहरा ढकने की चीज के साथ सार्वजनिक स्थानों पर निकलने वालों पर 1000 स्विस फ्रैंक का जुर्माना लगाया जा सकता है.

# गांव में हुई अनोखी शादी, बकरे पर बैठकर आया 12 साल का दूल्हा, भाभी से हो गई शादी

मध्यप्रदेश के टीकमगढ़ के एक गांव में बेहद अनोखी शादी हुई है। टीकमगढ़ के एक गांव में अनोखी परंपरा निभाते हुए शादी की गई है। यहां एक 12 वर्ष के बच्चे की शादी कराई गई है। इस बच्चे की बारात घोड़ी की जगह बकरे पर बैठाकर निकाली गई है। गांव में ये परंपरा है जिसमें घोड़ी की जगह दूल्हे को बकरे पर बैठाया जाता है। परंपरा के मुताबिक बारात को शादी से पहले पूरे गांव में घूमाया जाता है। ये भी परंपरा है कि बच्चे की शादी उसकी भाभी से की जाती है।

जानकारी के मुताबिक ये शादी असल में नहीं की जाती है। परंपरा के लिए इस शादी को किया जाता है। जिस समाज में ये परंपरा की जाती है वो लोहिया समाज है, जहां 400 वर्षों से ऐसा किया जा रहा है। यहां परिवार के बड़े बेटे का कर्णछेदन शादी समारोह की तरह बड़ी धूमधाम से मनाया जाता है। कर्णछेदन के समय बड़े बेटे को दूल्हा बनते है। इसके बाद घोड़े की जगह बकरे पर उसकी बारात निकलती है। ये शादी ऐसी होती है जिसमें परिवार, रिश्तेदार और पड़ोसी के लोगों को बुलाया जाता है। शादी की रस्में पूरे विधि के साथ निभाई जाती है।बीते दिनों ऐसी ही शादी यहां की गई है। मीडिया रिपोर्ट की मानें तो ये शादी प्रकाश अग्रवाल के बड़े पोते राघव के लिए ये आयोनजन किया था। शादी का ये समारोह उनके कर्णछेदन में हुआ था। इस दौरान स्थानीय लोगों और रिश्तेदारों ने बारात में जमकर डांस किया और खुशियां मनाई। जमकर आतिशबाजी भी की गई।

बता दें कि ये पहला मौका नहीं है जब गांव में ऐसी शादी की गई है। सदियों से गांव में ये परंपरा चली आ रही है। कई पीढ़ियों ने इस कर्णछेदन की परंपरा को निभाया है। लोहिया समाज के लोग आज भी इस परंपरा का पालन कर रहे है।

# कोर्ट से निकिता, निशा और अनुराग सिंघानिया को राहत, मिली जमानत

बेंगलुरु के सिटी सिविल कोर्ट ने निकिता सिंघानिया (पत्नी), निशा सिंघानिया (सास) और अनुराग सिंघानिया (जीजा) को जमानत दे दी। सिंघानिया ने अपनी गिरफ्तारी को चुनौती दी थी और अंतरिम जमानत की मांग की थी। उसके वकील ने अदालत को बताया था कि उसकी गिरफ्तारी अवैध थी और पुलिस ने गिरफ्तारी के लिए कोई आधार नहीं दिया था। वकील ने अदालत से सिंघानिया को अंतरिम जमानत देने का आग्रह किया ताकि वह उच्चतम न्यायालय में अपना बचाव कर सकें।

अतुल सुभाष की मां ने सुप्रीम कोर्ट में बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दायर की है। सिंघानिया के वकील ने तर्क दिया कि जमानत के बिना, वह कार्यवाही में शामिल नहीं हो सकेंगी। रिपोर्ट में कहा गया है कि उस मामले में बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका एक हिरासत लड़ाई के बराबर होगी जिसे उसकी अनुपस्थिति में अस्वीकार कर दिया जाएगा। मामले की आगे की सुनवाई अब 6 जनवरी को होगी। वहीं जमानत याचिका पर 4 बेंगलुरु की कोर्ट ने आज सुनवाई के बाद निकिता, निशा और अनुराग सिंघानिया को जमानत दे दी।

# कुमारस्वामी कांग्रेस सरकार के खिलाफ भ्रष्टाचार, कमीशनखोरी के आरोपों को साबित करें -सिद्धरमैया

कर्नाटक । सिद्धरमैया ने केंद्रीय मंत्री एच. डी. कुमारस्वामी द्वारा उनकी सरकार पर भ्रष्टाचार और मंत्रियों पर कमीशनखोरी के लगाए आरोपों को सबूतों के साथ साबित करने की रविवार को चुनौती दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिना दस्तावेजों और सबूतों के आरोप नहीं लगाए जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि विपक्ष का काम केवल आरोप लगाना नहीं है।

दावणगेरे (कर्नाटक) । कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने केंद्रीय मंत्री एच. डी. कुमारस्वामी द्वारा उनकी सरकार पर भ्रष्टाचार और मंत्रियों पर कमीशनखोरी के लगाए आरोपों को सबूतों के साथ साबित करने की रविवार को चुनौती दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिना दस्तावेजों और सबूतों के आरोप नहीं लगाए जाने चाहिए। सिद्धरमैया ने यहां संवाददाताओं से कहा, ''उनसे यह साबित करने को कहिए कि 60 प्रतिशत कमीशनखोरी हो रही है और भ्रष्टाचार हो रहा है। उन्हें इसे साबित करने दीजिए। सिर्फ आरोप लगाना नहीं, बल्कि इसे साबित करना भी जरूरी है।''



उन्होंने कहा कि विपक्ष का काम केवल आरोप लगाना नहीं है, बल्कि उन्हें सबूतों और दस्तावेजों के साथ इसे साबित भी करना चाहिए। इससे पहले, जनता दल(सेक्युलर) नेता कुमारस्वामी ने मैसुरु में संवाददाताओं से बातचीत के दौरान सिद्धरमैया के नेतृत्व वाली सरकार पर निशाना साधा और उस पर भ्रष्टाचार और कमीशनखोरी का आरोप लगाया। साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य सरकार के मंत्री भी इसमें शामिल हैं। कुमारस्वामी ने कहा, ''उनके (कांग्रेस पार्टी के) समर्थक ठेकेदार खुद कह रहे हैं कि कमीशन 60 प्रतिशत को पार कर गया है और पिछली सरकार बेहतर थी... लूट पीडब्ल्यूडी या सिंचाई विभागों में हो रही है।

# कांग्रेस नेता ने फडणवीस की चुनावी जीत को बंबई उच्च न्यायालय में चुनौती दी

पूर्व मंत्री एवं कांग्रेस नेता यशोमति ठाकुर जिन्हें तिओसा सीट से हार मिली थी, पार्टी के उनके पांच सहयोगियों और एक राकांपा (एसपी) नेता ने भी इसी तरह की याचिकाएं दायर की हैं।

कांग्रेस नेता प्रफुल्ल विनोदराव गुडधे ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की जीत में प्रक्रियागत खामियों का दावा करते हुए शनिवार को बंबई उच्च न्यायालय की नागपुर पीठ का दरवाजा खटखटाया।

महाराष्ट्र विधानसभा के लिए पिछले साल हुए चुनाव में गुडधे नागपुर दक्षिण-पश्चिम निर्वाचन क्षेत्र में फडणवीस से 39,710 मतों से हार गए थे। गुडधे के वकील एबी मून ने बताया कि उन्होंने उच्च न्यायालय में याचिका दायर की है, क्योंकि चुनाव के दौरान ''कई अनिवार्य प्रावधानों का पालन नहीं किया गया।''

मून ने कहा कि उन्होंने अदालत से परिणाम को ''अमान्य'' घोषित करने का आग्रह किया है। पूर्व मंत्री एवं कांग्रेस नेता यशोमति ठाकुर जिन्हें तिओसा सीट से हार मिली थी, पार्टी के उनके पांच सहयोगियों और एक राकांपा (एसपी) नेता ने भी इसी तरह की याचिकाएं दायर की हैं।

# 'प्रेशर बम' में विस्फोट होने से तीन जवान घायल

छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में 'प्रेशर बम' में विस्फोट होने से सुरक्षाबल के तीन जवान घायल हो गए हैं। पुलिस अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी ।पुलिस अधिकारियों ने बताया कि जिले के गंगालूर थाना क्षेत्र के अंतर्गत तोड़का गांव के करीब प्रेशर बम में विस्फोट होने से जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) के तीन जवान घायल हो गए हैं। उन्होंने बताया कि आज डीआरजी के दल को माओवादी विरोधी अभियान पर रवाना किया गया था ।दल जब अभियान से वापस हो रहा था तब तोड़का गांव के करीब माओवादियों द्वारा लगाए गए 'प्रेशर बम' में विस्फोट हो गया। इस घटना में तीन जवान घायल हो गए। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि घटना के बाद जवानों को वहां से बाहर निकाला गया तथा स्थानीय अस्पताल में ले जाया गया। उन्होंने बताया कि जवानों को हल्की चोट आई है तथा वह खतरे से बाहर हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि क्षेत्र में नक्सलियों के खिलाफ अभियान जारी है।

# मनमोहन सिंह के परिजनों, मित्रों ने उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की



मनमोहन के परिजनों और मित्रों द्वारा आयोजित इस श्रद्धांजलि सभा में पूर्व प्रधानमंत्री की तीनों बेटियों-उपिंदर सिंह, दमन सिंह और अमृत सिंह-ने अपने पिता के साथ बिताए पलों की यादें साझा कीं।

पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के परिवार के सदस्यों और मित्रों ने शनिवार को यहां इंडिया हैबिटेट सेंटर में आयोजित एक श्रद्धांजलि सभा में उनकी विरासत को याद किया ।मनमोहन के परिजनों और मित्रों द्वारा आयोजित इस श्रद्धांजलि सभा में पूर्व प्रधानमंत्री की तीनों बेटियों-उपिंदर सिंह, दमन सिंह और अमृत सिंह-ने अपने पिता के साथ बिताए पलों की यादें साझा कीं ।मनमोहन की पत्नी गुरशरण कौर और उनके तीनों दामाद भी सभा में मौजूद थे। सूत्रों ने कहा कि सभा में पूर्ववर्ती योजना आयोग के उपाध्यक्ष रह चुके मोंटेक सिंह अहलूवालिया के अलावा कई पूर्व राजनयिकों और नौकरशाहों ने मनमोहन के साथ काम करने के अपने अनुभव साझा किए।

# जियाउर रहमान बर्क को झटका, एफआईआर रद्द करने की मांग खारिज, गिरफ्तारी पर रहेगी रोक



इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश के संभल में 24 नवंबर को हुई हिंसा के मुख्य आरोपी समाजवादी पार्टी के सांसद जियाउर रहमान बर्क के खिलाफ मामला रद्द करने से इनकार कर दिया, जो भीड़ द्वारा एक मस्जिद सर्वेक्षण का विरोध करने के बाद भड़क गई थी। हालांकि, हाई कोर्ट ने पुलिस को निर्देश दिया कि फिलहाल सांसद को गिरफ्तार न किया जाए। संभल में उस समय बड़े पैमाने पर हिंसा भड़क उठी जब सैकड़ों लोगों ने एक स्थानीय अदालत द्वारा एक याचिका पर दिए गए सर्वेक्षण का विरोध किया, जिसमें दावा किया गया था कि मुगलकालीन शाही जामा मस्जिद के निर्माण के लिए एक मंदिर को ध्वस्त कर दिया गया था। हिंसा में चार लोगों की मौत हो गई थी ।उत्तर प्रदेश पुलिस ने आरोप लगाया कि बर्क ने हिंसा से पहले इलाके का दौरा किया था और उनके भाषणों से अशांति भड़की थी। एफआईआर में उल्लेख किया गया है कि बर्क ने राजनीतिक लाभ के लिए संभल में सांप्रदायिक हिंसा भड़काई थी, जो उनका निर्वाचन क्षेत्र है। हालांकि, सांसद और उनकी पार्टी ने सभी आरोपों को खारिज कर दिया और भाजपा पर हिंसा भड़काने और समाजवादी पार्टी के सांसद को गैरकानूनी तरीके से निशाना बनाने का आरोप लगाया। न्यायमूर्ति राजीव गुप्ता और न्यायमूर्ति अज़हर हुसैन इदरीसी ने कहा कि बर्क के खिलाफ जांच जारी रहेगी ।पीठ ने कहा कि सांसद के खिलाफ दर्ज आरोपों में सात साल से कम की सजा का प्रावधान है और पुलिस उन्हें पूछताछ के लिए जांच दल के सामने पेश होने के लिए नोटिस जारी कर सकती है। हाईकोर्ट ने सांसद को जांच में सहयोग करने का भी निर्देश दिया। मामले में कई एफआईआर दर्ज की गई हैं और अब तक 50 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। बर्क के अलावा स्थानीय विधायक इकबाल महमूद के बेटे सोहेल इकबाल भी आरोपी हैं।

# नव वर्ष नशा मुक्ति संदेश के साथ बच्चों ने बनाई मानव श्रृंखला : ज्योति बाबा

कानपुर ।ईटीएस जिसे सेकंड हैंड स्मोक के नाम से भी जाना जाता है में लगभग 85त्न साइडस्ट्रीम स्मोक और 15त्न में मेन स्ट्रीम स्मोक होता है साइडस्ट्रीम स्मोक में रसायनों की सांद्रता हमेशा मेन स्ट्रीम स्मोक से ज्यादा होती है।

सिगरेट के धुएं में 7000 से अधिक विभिन्न रसायन होते हैं कम से कम 400 जहरीले होते हैं। एटीएस पर शोध से पता चला है कि धूम्रपान करने वालों के साथ रहने वाले काम करने वाले या बस उसके आसपास रहने से सेकंड हैंड धुएं के संपर्क में आने से आपके बच्चों को ज्यादा नुकसान हो सकता है उपरोक्त बात सोसाइटी योग ज्योति इंडिया के तत्वाधान में सिटी पब्लिक स्कूल के सहयोग से नशा मुक्त भारत अभियान के तहत नव वर्ष पर आयोजित नशा हटाओ देश बचाओ मानव श्रृंखला के समापन पर अंतर्राष्ट्रीय नशा मुक्ति अभियान के प्रमुख,एशिया बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड धारी योग गुरू ज्योति बाबा ने कही।

ईटीएस के स्वास्थ्य प्रभावों के प्रति संवेदनशील होते हैं यहां तक की थोड़ा सा संपर्क भी आपके बच्चों के स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है, जब माता-पिता या दादा-दादी जैसे अन्य देखभाल करने वाले धूम्रपान करते हैं तो बच्चे भी तंबाकू के धुएं के संपर्क में आने से पीड़ित होते हैं। नानाराव पार्क में आयोजित मानव श्रृंखला में बच्चों ने जोरदार नारे जो हुआ शराब का शिकार,उसने फूंक दिया घर बार,हर बच्चे का एक ही नारा, नशा मुक्त हो देश हमारा लगाएं। डॉक्टर शाहनवाज खान प्राचार्य ने आवाहन किया की नशा अब छोड़ दो,टूटे रिश्ते जोड़ लो। सोशल एक्टिविस्ट अजरा परवीन ने कहा कि जो नशे को अपनाएगा वह घर लौट के नहीं आएगा। नशा मुक्ति खेलों का आयोजन कर विजयी बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया। धन्यवाद डॉ प्रवीण ने दिया। अन्य प्रमुख डॉ प्रवीण, जस्सी शुक्ला, वरुण शुक्ला,गीता पाल इत्यादि थी।

# सामूहिक वैवाहिक परिचय सम्मेलन में अभिभावकों ने वर वधुओं से साझा किए अनुभव

## युवा पीढ़ी को सनातन धर्म एवं ग्रथों के बारे में अवगत कराना होगा-बीरेन्द्र चौहान

बीपीएस न्यूज

कानपुर। किदवई नगर हनुमंत गुरुकुल आश्रम में वीरेंद्र चौहान वैवाहिक मंच के द्वारा 8 वा वैवाहिक परिचय सम्मेलन आयोजित हुआ कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्री राम जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया इस मौके पर पहुंचे समाजसेवी एवं मंच के आयोजक वीरेंद्र सिंह चौहान का स्वागत स्मृति चिन्ह देकर किया गया कार्यक्रम में आए अभिभावकों ने वर एवं वधुओं के बारे में विस्तृत जानकारी लेते हुए अपने अनुभव साझा किया आयोजक वीरेंद्र चौहान ने बताया कि विगत कई वर्षों से उनके द्वारा निर्धन निर्बल असहाय समाज के उत्थान की दिशा में कार्य किया जा रहा है कार्यक्रम के दौरान पहुंचे अभिभावकों वर वधुओं ने सामूहिक रूप से एक दूसरे से अपने अनुभव साझा किया। अपने संबोधन में बताते हुए श्री चौहान ने बताया कि आधुनिकता के इस दौर में युवा पीढ़ी को अपने सनातन धर्म एवं ग्रथों के बारे में अवगत कराना होगा ताकि आने वाली पीढ़ी ईश्वर एवं अपने सनातन धर्म को भुला ना सके।

कानपुर नगर के घाटमपुर से बेटी का सम्बंध कराने आई सुशीला देवी ने वैवाहिक परिचय सम्मेलन की तारीफ करते हुए कहा की ऐसे आयोजन नित्य प्रति होने चाहिए ताकि विवाह में होने वाले खर्चों में कटौती हो सके और निर्धन परिवार भी अपनी बिटिया के हाथ हर्षोल्लास के साथ पीले कर सके परिचय सम्मेलन के दौरान अभिभावकों एवं वर वधुओं ने एक दूसरे के बारे में विस्तृत जानकारी लेते हुए अपने अनुभव साझा किया इस दौरान भगवान श्री राम के जोरदार नारे लगाए गए कार्यक्रम में मुख्य रूप से आयोजक वीरेंद्र चौहान आचार्य पंडित विमल शास्त्री नीरज दीक्षित सोमनाथ तिवारी राम बहादुर सिंह धीरज यादव अमित सिंह राठौड़ जितेंद्र सिंह चंदेल संजय मल्होत्रा सरिता शुक्ला पप्पू तिवारी दीपेंद्र सिंह संजय सिंह डॉक्टर देवेंद्र सिंह आशीष मिश्रा नरेंद्र राजपूत विशाल राजपूत अमित मिश्रा योगेंद्र राणा उमेश सिंह अमरनाथ सिंह प्रदीप सिंह सेगर अरुण सिंह सेंगर समेत काफी संख्या में पदाधिकारी मौजूद रहे।

# छात्र छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम कर अभिभावकों को किया मंत्रमुग्ध

बीपीएस न्यूज

कानपुर। द गुरुकुल इंग्लिश स्कूल इंटरमीडिएट कॉलेज बर्रा दामोदर नगर के द्वारा गुरुकुल महोत्सव निरन्तर का आयोजन धूमधाम से आयोजित हुआ। शुभारंभ मुख्य अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस मौके पर चेयरमैन प्रेम मिश्रा ने बताया कि परम पूज्य स्व श्री कृष्ण मिश्रा के द्वारा स्थापित किए गए वृक्ष के तले आज हजारों बच्चे अच्छी शिक्षा प्राप्त कर विभिन्न क्षेत्रों में अपना कैरियर बना रहे हैं तथा परिवार विद्यालय सहित अपने जनपद प्रदेश देश का नाम रौशन कर रहे हैं। स्कूली छात्र छात्राओं ने गणेश वंदना से वार्षिकोत्सव का शुभारंभ किया। चेयरमैन प्रेम मिश्रा के द्वारा एमएलसी अरुण पाठक एवं अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा प्रदेश अध्यक्ष कुंवर मनोज सिंह भदौरिया का स्वागत माल्यार्पण अंगवस्त्र सहित स्मृति चिन्ह देकर किया गया। अपने संबोधन में प्रदेश अध्यक्ष कुं मनोज भदौरिया ने स्कूली शिक्षा के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि शिक्षा की जड़ कड़वी है परंतु उसके फल मीठे हैं जितना कठिन संघर्ष होगा जीत भी उतनी ही शानदार होगी।

आपके जीवन में जितने संघर्ष होगे आप उतने ही चमकदार प्रदर्शन कर सकेगे। एमएलसी अरुण पाठक ने सभी बच्चों से लगन लगाकर कड़ी मेहनत कर अपना उज्जवल भविष्य बनाने की बात कही। स्कूली छात्र छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर अभिभावकों को मंत्र मुग्ध कर दिया। चेयरमैन प्रेम मिश्रा एवं प्रधानाचार्या योग बाला दुबे ने अपने संबोधन में कहा कि द गुरुकुल इंग्लिश स्कूल इंटरमीडिएट कॉलेज निरन्तर छात्र छात्राओं के उज्जवल भविष्य को बनाने के लिए नित्य कड़ी मेहनत कर उनका बेहतर भविष्य बना रही हैं। कड़े परिश्रम के बदौलत ही प्रति वर्ष विद्यालय के छात्र छात्रा नगर में परीक्षा परिणामों में शत प्रतिशत अंक लाकर अपना कीर्तिमान स्थापित कर रहे है। बेहतर शिक्षा के कारण ही आज गुरुकुल स्कूल अपना नाम नगर के प्रमुख शिक्षण संस्थानों में स्थापित किए हुए है। इस मौके पर प्रधानाचार्या योग बाला दुबे राजकुमार मिश्रा अनिल कुमार मिश्रा प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार पांडेय सहित काफी संख्या में अभिभावक मौजूद रहे।

# विज्ञान प्रदर्शनी में स्कूली छात्र छात्राओं ने पूर्व प्रधानमंत्री को दी श्रद्धांजलि

बीपीएस न्यूज

कानपुर। विवेकानंद पब्लिक इंटर कॉलेज बर्रा 8 में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन हुआ जिसमें कक्षा 12 तक के छात्रों ने भाग लिया और छात्र छात्राओं के द्वारा शानदार प्रोजेक्ट मॉडल प्रस्तुत किया डायरेक्टर सुकर्ण चंदेल ने बताया कि बर्रा 8 क्षेत्र में इस तरीके का आयोजन होने से स्कूली बच्चों की प्रतिभा का संवर्धन होगा और भारत विश्व जगत पटल पर फिर से कानपुर की प्रतिभा का लोहा मनवाया जा सकेगा इस मौके पर आईआईटी कानपुर से आए हुए प्रोफेसर ने बच्चों के द्वारा प्रस्तुत किए हुए मॉडलों की प्रशंसा की सोलर प्रोजेक्ट के बारे में जानकारी देते हुए केन्द्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं को बताया स्कूली छात्रों के द्वारा बनाए गए सोलर प्रोजेक्ट को समझ उसकी प्रशंसा की गई।

विद्यालय के निदेशक सुकर्ण चंदेल ने बताया की विद्यालय के छात्र नई टेक्नोलॉजी ए आई के माध्यम से कई प्रोजेक्ट बना रहे हैं और सरकार के द्वारा चलाई गई योजनाओं का लाभ ले रहे हैं। प्रदर्शनी के दौरान पूर्व प्रधानमंत्री स्व मनमोहन सिंह की प्रतिमा पर छात्र छात्राओं सहित शिक्षको ने पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए नमन किया डायरेक्टर सुकर्ण चंदेल ने स्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के द्वारा किए गए कार्यों की जानकारी बच्चों को देते हुए दो मिनट का मौन रखा। स्कूली छात्र-छात्राओं ने अभिभावको एवं अतिथियों का आभार व्यक्त किया इस मौके पर विद्यालय कोऑर्डिनेटर प्रदीप जी नीलिमा पाठक अभिषेक तिवारी आदित्य प्रभास प्रभाकांत सौरभ सहित काफी संख्या में शिक्षक मौजूद रहे।

# भगवान कृष्ण के पूर्वज राजा ययाति के किले पर हो रहे अतिक्रमण और गंदगी के खिलाफ कार्यवाही की मांग

कानपुर। सनातन मठ मंदिर रक्षा समिति, उत्तर प्रदेश के पदाधिकारियों ने भगवान श्रीकृष्ण के पूर्वज राजा ययाति के ऐतिहासिक किले पर हो रहे अतिक्रमण और पुरातत्व विभाग की लापरवाही को लेकर अपनी गहरी चिंता व्यक्त की ।समिति के प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार द्विवेदी,महामंत्री प्रेम दीक्षित गोपाल, और प्रदेश उपाध्यक्ष सुधीर द्विवेदी ने सांस्कृतिक मंत्री जयवीर सिंह से भेंट की। उन्होंने मंत्री जी को किले की वर्तमान स्थिति के बारे में विस्तार से अवगत कराया और इसके संरक्षण के लिए ठोस कदम उठाने की मांग की ।सम्मान और स्मृति चिन्ह भेंट समिति के पदाधिकारियों ने मंत्री को संस्था की ओर से स्मृति चिन्ह और अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। मंत्री का आश्वासन मंत्री ने समिति के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा-ऐतिहासिक धरोहरों का संरक्षण हमारी प्राथमिकता है। इस संबंध में प्रमुख सचिव पर्यटन और संस्कृति को निर्देशित किया गया है कि पुरातत्व विभाग के अधीन संरक्षित स्थान का प्रभावी संरक्षण सुनिश्चित किया जाए।

# शिकायत निस्तारण में गलत आख्या लगाई तो संबंधित विभाग के खिलाफ होगी दंडात्मक कार्यवाही : डीएम कानपुर नगर

कानपुर। जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में तहसील घाटमपुर में सम्पूर्ण समाधान सम्पन्न हुआ। जिलाधिकारी ने समस्त जिलास्तरीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनसामान्य की शिकायतों का संवेदनशीलत होकर प्राथमकिता के आधार पर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराना सुनिश्चित किया जाए। शिकायत निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नहीं की जाएगी। जिस भी विभाग द्वारा शिकायत निस्तारण में यदि गलत आख्या लगाई गई तो संबंधित विभाग के खिलाफ दण्डात्मक कार्यवाही की जाएगी। जिलाधिकारी ने अधिशाषी अधिकारी घाटमपुर को निर्देशित करते हुए कहा कि अभियान चलाकर सरकारी भूमि पर अवैध कब्जों को मुक्त कराना सुनिश्चित किया जाए।

जिलाधिकारी द्वारा 06 प्रकरणो में तत्काल गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु राजस्व विभाग एवं पुलिस की संयुक्त टीम को मौके पर भेजा गया।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 144 शिकायतें प्राप्त हुए, जिनमें से 15 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों के निस्तारण हेतु समस्त सम्बन्धित अधिकारियों को इस निर्देश के साथ उपलब्ध कराएं गए कि प्रकरणों का समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराना सुनिश्चित किया जाए।

दीपक पुत्र कमल जीत निवासी नई बस्ती शिवानी पैलेश के पीछे वार्ड-16 द्वारा उनकी कृषि भूमि पर पारिवारिक विवाद के चलते उनकी कृषि भूमि की पैमाइस कराकर कब्जा मुक्त कराने की शिकायत की गई जिस पर जिलाधिकारी द्वारा उपजिलाधिकारी घाटमपुर तथा सहायक पुलिस आयुक्त घाटमपुर द्वारा स्वयं मौके का निरीक्षण कर प्रभावी कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए गए ।राकेश कुमार पुत्र स्वामीदीन निवासी ग्राम सिरसा घाटमपुर द्वारा प्रार्थी के घर में लगा विद्युत कनेक्शन का भार कम कराने के संबंध में शिकायत की गई जिस पर जिलाधिकारी ने अधिशाषी अभिंयता दिक्षणाचल विधुत वितरण निगम घाटमपुर को आवश्यक कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए गए।

राम कुमार पुत्र घनश्याम निवासी घाटमपुर द्वारा चारागाह की भूमि पर दबंगो द्वारा अवैध कब्जा किए जाने की शिकायत की गई, जिस पर जिलाधिकारी द्वारा तहसीलदार घाटमपुर को निर्देशित किया गया कि निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

सुरेश चंद घाटमपुर द्वारा शिकायत की गई की उनकी पैतृक भूमि में विगत 08 वर्षो से बटवारे का मुकदमा दर्ज है किंतु निस्तारण नहीं हो पा रहा है जिस पर जिलाधिकारी ने तत्काल उप जिलाधिकारी घाटमपुर को निर्देशित करते हुए कहा कि आपसी सहमति के आधार पर बटवारा कराना सुनिश्चित कराए । इस अवसर पर उप जिलाधिकारी घाटमपुर राघवेंद्र वैश्य, तहसीलदार घाटमपुर, सहित अन्य सम्बन्धित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# ख्वाजा ग़रीब नवाज़ रहमतुल्लाह अलैह के किरदार जिंदगी को आइडियल बनाना वक्त की अहम जरूरत



बीपीएस न्यूज

कानपुर। हिंदुस्तान के रूहानी सुल्तान हज़रत ख्वाजा ग़रीब नवाज़ रहमतुल्लाह अलैह के किरदार और उनकी जिंदगी को अपनी जिंदगी का आइडियल बनाना वक्त की अहम जरूरत है

ताकि न सिर्फ हमारी इस्लामी पहचान बर क़रार रह सके बल्कि हमारी बहन, बेटियां इस्लाम दुश्मन ताकतों से दूर रह कर अपने ईमान व इस्लाम की हिफाजत कर सकें इन ख्यालात का इज़्हार मौलाना महताब आलम क़ादरी मिस्बाही शहरी सदर आल इंडिया गरीब नवाज़ काउंसिल ने काउंसिल के ज़ेरे एहतिमाम गरीब नवाज हफ्ता छठे इजलास के दौरान मस्जिद बशीर स्टेट हीरा मन पुरवा में किया मौलाना मिस्बाही ने कहा कि खिदमते ख़ल्क़ सुननते पैग़म्बरे इस्लाम का एक ना क़ाबिले फरामोश अमल है सरकार ख्वाजा गरीब नवाज़ ने अपनी जिंदगी में खिदमते ख़ल्क़ की मिसाल कायम कर दी यकीनन ये आप की वह अज़ीम करामत है जिस ने गैरों को भी आप की मुहब्बतो का गुलाम बना दिया इस बे मिसाल करामत पर अमल करने की जरूरत है मौलाना मिस्बाही ने कहा कि कड़ाके की ठंड पड़ रही है ऐसे में ग़रीब बे सहारा लोग मुफलिसी की वजह से खुले आसमान के नीचे सर्द रातें गुजारने और ठिठुरने पर मजबूर हैं

ऐसे हालात में मालदार हज़रात और दूसरों को भी अपनी हैसियत के मुताबिक खिदमते ख़ल्क़ करना चाहिए यकीनन हमारा यह अमल यह अमल सुन्नत ए नबवी को ज़िंदगी बख्शेगा वहीं सरकार ख्वाजा गरीब नवाज़ रहमतुल्लाह अलैह की बारगाह में अज़ीम खिराज भी होगा

उन्हों ने कहा कि आज ज़माने को बहुत से चैलेंजों का सामना है ऐसे में जज़्बात में उलझने का नहीं बल्कि सब्र के साथ होश का नाखून लेने की जरूरत है ताकि हमारे वतन ए अज़ीज़ की सलामती बर क़रार रहे मौलाना सूफी गुलाम हसन क़ादरी ने सरकार ख्वाजा गरीब नवाज़ रहमतुल्लाह अलैह की जिंदगी पर रोशनी डालते हुए विचार व्यक्त किए

इस से पूर्व जश्न की शुरूआत कुरान ए पाक की तिलावत से हाफिज मोहम्मद आसिफ रिज़वी ने किया

कारी तय्यब रिज़वी,मौलवी इख़लाकुर रहमान ,हाफिज नासिर अहमद ने हम्द , नात व मन्क़बत पेश किये संचालन हाफिज महफूज ने किया प्रमुख रूप से मौलाना मती उर रहमान,हाफिज हाशिम,मास्टर मोहम्मद इकबाल नूरी,हाजी नजीर खान,हाजी रईस अहमद , जहीर अहमद नूरी,गुल्लू भाई, हशमत भाई आदि उपस्तिथ रहे!

# ग्रामीण युवा किक्रेट यूनियन के द्वारा एएसपीएल सीजन 8 आयोजित

बीपीएस न्यूज

फतेहपुर। ग्रामीण युवा किक्रेट यूनियन द्वारा आयोजित एएसपीएल सीजन 8 2025 क्रिकेट टूर्नामेंट का जिला फतेहपुर के अमौली ब्लाक के नराखा बाबा मैदान में आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि रियासत अली यूपीसीए डायरेक्टर कपिल देव पांडेय कुलदीप यादव भारतीय टीम के खिलाडी के कोच ने मैच का शुभारंभ किया। उद्घाटन समारोह में जिला क्रीड़ा अधिकारी फतेहपुर सुशील कुमार भारती एवं फतेहपुर मेडिकल कालेज के एसोसिएट प्रोफेसर डॉ नरेश कुमार शामिल हुए। अनुभव सचान कक्षा 11 ने कुलदीप यादव का एक खूबसूरत चित्र कपिल जी को भेंट किया। जिन्हें स्वयं उन्होंने ही अपने हाथों से बनाया था। जिसकी सभी लोगों ने प्रशंसा की। भारती जी ने अनुभव सचान को जिला मुख्यालय फतेहपुर आमंत्रित किया जिससे कि इनकी प्रतिभा को जिलाधिकारी के द्वारा भी सराहा जा सके इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण को आगे बढ़ाते हुए जयदेवी राजाराम चैरिटी फाउंडेशन ने शहीदों की याद में छायादार फूलदार बरगद पीपल एवं गुलमोहर के ट्री गार्ड सहित 8 पेड़ अतिथि गणों एवं शहीद परिवारों के द्वारा लगवाए।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई सम्पन्न, 7 प्रमुख बिन्दुओं पर की गयी चर्चा

बीपीएस न्यूज



कानपुर। जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में सरसैया घाट, स्थित नवीन सभागार में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में गत बैठक में लिये गये निर्णयों के सापेक्ष कृत कार्यवाहियों की समीक्षा एवं राज्य स्तरीय लीड एजेंसी (सड़क सुरक्षा प्रकोष्ठ) की एक्शन टेकेन रिपोर्ट पर परिचर्चा हुई। उपरोक्त बैठक में 07 प्रमुख बिन्दुओं पर चर्चा की गयी। जिलाधिकारी द्वारा बैठक में उपस्थित समस्त संबंधित विभागों के अधिकारियों को निम्न निर्देश दिए गए :- पुलिस विभाग से जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्र अंतर्गत होने वाले एक्सीडेंट की सूची लेकर उन मार्गो में सुधारत्मक कार्य कराने के निर्देश संबंधित विभागों को दिए ।विपरीत दिशा से आने वाले वाहनों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही की जाए ।राष्ट्रीय राज्य मार्गो के किनारे स्थित राज्य मार्गो पर गांव की सीमा प्रारम्भ होने से पूर्व स्पीड ब्रेकर व संकेतक आदि आवश्य लगाए जाए ।वर्तमान में कोहरे धुंद आदि को दृष्टिगत रखते हुए जनपद के विभिन्न मार्गो में लगी हुई, स्ट्रीट लाइटों की समीक्षा कर ली जाए तथा खराब व बंद पाई जाने वाली स्ट्रीट लाइटों की तत्काल मरम्मत कराई जाए। अपर चिकित्सा अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि हाईवे पर खड़ी होने वाली एम्बुलेंस में कार्यरत कर्मचारियों को समय-समय पर फर्स्ट ऐड का प्रशिक्षण भी दिया जाता रहे तथा रैंडम एम्बुलेंस चालकों की रिहर्सल भी की जाए ।समस्त स्कूल, शिक्षण संस्थानों में सड़क सुरक्षा बचाव हेतु रोड सेफ्टी से संबंधित स्लोगन, निबंध, चित्रकला आदि विषयों पर कार्ग्रकम आयोजित कराए जाए, उक्त कार्यक्रम में प्रथम, द्वितीय, तृतीय आने वाले छात्र/छात्राओं को जिला स्तर पर पुरस्कृत किया जाएगा। अच्छे स्लोगन का जनपद के मुख्य चौराहो पर पोस्टर लगाया जाएगा ।बैठक में सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी, पुलिस आयुक्त यातायात, अधिशासी अभियन्ता प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, कानपुर नगर, अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड-2, लो0नि0वि0, कानपुर, बेसिक शिक्षा अधिकारी, कानपुर, सहायक मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, कानपुर नगर, अधिशासी अभियन्ता नगर निगम, कानपुर, सहायक अभियन्ता, राष्ट्रीय मार्ग खण्ड, लो0नि0वि0, कानपुर नगर, एन0एच0ए0आई0, कानपुर नगर एवं भूगर्भ जल विभाग आदि अधिकारीगण उपस्थित रहें।

# मुख्य विकास अधिकारी के औचक निरीक्षण के दौरान विकासखंड विधनू लेखाकार रहे अनुपस्थित, रोका गया वेतन

बीपीएस न्यूज

कानपुर। मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती दीक्षा जैन द्वारा तहसील घाटमपुर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जन शिकायतों को सुना गया। इसके उपरान्त निम्न विकास खण्ड कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया गया, निरीक्षण के समय सम्बन्धित विकास खण्ड के खण्ड विकास अधिकारी व गजेन्द्र प्रताप सिंह, जिला विकास अधिकारी, कानपुर नगर उपस्थित रहे ।विकास खण्ड घाटमपुर का निरीक्षण किया गया। विकास खण्ड के लेखाकार कपिल आर्य के अनुपस्थित रहने के कारण क्षेत्र पंचायत के अभिलेख नहीं देखे जा सके। इस पर मुख्य विकास अधिकारी महोदया के द्वारा कपिल का वेतन, अभिलेख प्रस्तुत करने तक, रोकने के निर्देश दिये गये। खण्ड विकस अधिकारी, घाटमपुर को विकास खण्ड की साफ-सफाई कराने के निर्देश दिये गये। सहायक विकास अधिकारी (पं0) को निर्देश दिये गये कि फीड की गयी सूची के अनुसार व्यक्तिगत शौचालय का आवंटन शीघ्र किया जाय। विकास खण्ड परिसर में निष्प्रोज्य भवनों की नीलामी कर दी गयी है, जिनका अभी कुछ मलबा शेष है, जिसे बोलीदाता से तत्काल हटाये जाने के निर्देश दिये गये।

विकास खण्ड पतारा का निरीक्षण किया गया। विकास खण्ड में कर्मचारियों की सेवा पुस्तिका एवं जी0पी0एफ0 पास बुक का अवलोकन किया गया, कतिपय कर्मचारियों की सेवा पुस्तिकाएं अपूर्ण पायी गयीं। सम्बन्धित पटल सहायक को चेतावनी निर्गत करने के निर्देश दिये गये। निरीक्षण के समय उपस्थित गजेन्द्र प्रताप सिंह, जिला विकास अधिकारी के द्वारा अवगत कराया गया कि सभी विकास खण्डों को सेवा पुस्तिकाएं एवं जी0पी0एफ0 पास बुक तथा सेवा सम्बन्धी अन्य अभिलेखों को पूर्ण कर अवलोकित कराने हेतु विकास खण्डवार तिथियां निर्धारित पूर्व से की गयी हैं। मुख्य विकास अधिकारी महोदया के द्वारा यह भी कहा गया कि जनपद स्तर से कर्मचारियों को प्रदान की गयी चेतावनी, प्रतिकूल प्रविष्टि, एवं अन्य दण्डों को सम्बन्धित कर्मचारी की सेवा पुस्तिका में अनिवार्य रूप से चस्पा/अंकित किया जाय।

विकास खण्ड विधनू का निरीक्षण किया गया। विकास खण्ड में कर्मचारियों की सेवा पुस्तिकाओं का अवलोकन करने पर अभिलेख सन्तोषजनक थे। विकास खण्ड बिधनू के लेखाकार बृजेश निरीक्षण के समय उपस्थित नहीं थे। इस पर मुख्य विकास अधिकारी महोदया के द्वारा बृजेश का वेतन, अभिलेख प्रस्तुत करने तक, रोकने के निर्देश दिये गये। विकास खण्ड परिसर के तालाब की साफ-सफाई कराने के निर्देश खण्ड विकास अधिकारी, बिधनू को दिये गये तथा मनरेगा योजनान्तर्गत नहर से तालाब तक कच्चे नाले का निर्माण कराया जाय। तालाब के बीच के टापू पर लेमन ग्रास लगवाने के निर्देश दिये गये। अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी तथा खण्ड विकास अधिकारी को खेल मैदानों को विकसित करने, अमृत सरोवरों तथा नदी के पुनरूद्धार कराने के निर्देश दिये गये। उक्त के अतिरिक्त एन0आर0एम0 योजना के अन्तर्गत सी0सी0एल0, ड्राई राशन फीडिंग, नये समूहों के गठन पर विशेष ध्यान दिये जाने के निर्देश दिये गये।




# हॉस्पिटल के बेसमेंट में चलता मिला अवैध मेडिकल स्टोर, किया गया सीज



कानपुर। सहायक आयुक्त औषधि कानपुर को आइजीआरएस पोर्टल के माध्यम से शिकायत मिली कि गौतम विहार, न्यू शिवली रोड, कल्याणपुर मे न्यू नीलम सरोज हॉस्पिटल के बेसमेंट में अवैध मेडिकल स्टोर संचालित हो रहा है। सहायक आयुक्त औषधि के निर्देश पर कानपुर ड्रग इंस्पेक्टर श्रीमती रेखा सचान व ड्रग इंस्पेक्टर ओमपाल सिंह द्वारा उक्त अस्पताल का निरीक्षण किया गया ।निरीक्षण के दौरान अवैध मेडिकल स्टोर चलता पाया गया। अवैध मेडिकल स्टोर से 49000 मूल्य की अंग्रेजी दवाइयां ड्रग एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट 1940 के अंतर्गत सीज की गई। ड्रग इंस्पेक्टर श्रीमती रेखा सचान ने बताया कि मौके से दो नमूने जांच हेतु लिए गए हैं। जांच रिपोर्ट आने पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

## तीन वाण धारी के दर्शन कर भक्तों ने सुख-समृद्धि की कामना

कानपुर। मेरी जो लाज है, बाबा तेरे हाथ है, दुखिया गरीब की, बाबा पर याद है। यह भजन कलकत्ता से आए गायक संजय मित्तल ने कैंट में रविवार को आयोजित श्री श्याम महोत्सव के दौरान सुनाया तो भक्त मंत्रमुग्ध हो गए। भक्त अपनी जगह पर थिरकने लगें।

श्री बर्तन उद्योग व्यापार मंडल भूसा टोली बर्तन बाजार की ओर से पांचवां श्री श्याम महोत्सव आयोजित हुआ। इसमें महशूर गायक संजय मित्तल ने भक्तों से कहा कि जरूरी नहीं कि खाटू श्याम से जोड़ने के लिए बड़ा मंदिर हो, आप अगर दीवार पर भी पेंसिल से गोला खींचकर उसके ऊपर लिख दोगे श्याम और बोल दोगे कि फोटो खरीदने की मेरी औकात नहीं है। ऐसा सुनते ही श्याम गोले में आ जाएंगे। इसके बाद उन्होंने खाटू वाले श्याम बाबा तेरा ही सहारा जैसे भजन सुनाकर भक्तों की तालियां बंटोरी। दिल्ली से आई गायक रितु पांचाल ने सुनाया कि एक बार अयोध्या, दो बार द्वारिका, तीन बार जाके तिरवेनी में नाहोगे, मेरा दिल तो दिवाना हो गया मुरली वाले तेरा जैसे भजन सुनाकर माहोल को भक्तिमय कर दिया। कानपुर के भजन गायक सुनील स्नेही अभिषेक शुक्ला के गीतों के समय फूलों की वर्षा की गई। महोत्सव के दौरान बाबा के दर्शन कर भक्तों ने सुख समृद्धि की कामना की।
























बी पी एस न्यूज
हिन्दी साप्ताहिक
मुद्रक प्रकाशक स्वात्वाधिकारी बुद्ध प्रकाश साहू द्वारा मां प्रिन्टर्स गार्डेन नं. 6-ए/7 रेल बाजार कानपुर नगर से मुद्रित एवं 344- बगाही भट्ठा टी.पी. नगर कानपुर से प्रकाशित। आर.एन.आई. नं. UPHIN/ 2016/ 66740, डाक पंजीयन सं. कानपुर सिटी 304/2024-2026, सम्पादक बुद्ध प्रकाश साहू मो.: 8423454502 , व्हाट्सअप 9335908846 email:bps.knp786@gmail.com info@bpsnews.in www.bpsnews.in नोट-समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर नगर न्यायालय होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त लेखों एवं समाचारों की जिम्मेदारी लेखकों व संवाददाताओं की होगी। कृपया कोई भी आपत्ति हो तो 15 दिनों के अंदर भेजें।